संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 27 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 326 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




हरियाणा के मुख्यमंत्री संविधान दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस समारोह के अवसर पर सूचना जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

## संविधान जीवंत, प्रगतिशील दस्तावेज है: मुर्मु

● हमारे दूरदर्शी संविधान निर्माताओं ने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुसार नए विचारों को अपनाने की व्यवस्था प्रदान की



**महत्वाकांक्षी**

▶▶ हमने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय संविधान को जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज बताते हुए आज कहा कि इसके माध्यम से हमने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। राष्ट्रपति मुर्मु संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ के वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरूआत करने के लिए संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में ने मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने देशवासियों से अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को शामिल करने, मौलिक कर्तव्यों का पालन करने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। हमारे दूरदर्शी संविधान निमार्ताओं ने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुसार नए विचारों को अपनाने की व्यवस्था प्रदान की थी। हमने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। एक नई सोच के साथ हम विश्व समुदाय में भारत को नई पहचान दिला रहे हैं। हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया था। आज हमारा देश एक अग्रणी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ विश्व बंधु के रूप में भी अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है।

### भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना नागरिकों का मौलिक कर्तव्य: राष्ट्रपति

**भारत** की एकता और अखंडता की रक्षा करना, समाज में समरसता को बढ़ावा देना, महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करना, पर्यावरण की रक्षा करना, वैज्ञानिक सोच विकसित करना, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना और राष्ट्र को उपलब्धियों के नए स्तर पर ले जाना नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि संविधान की भावना के अनुसार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका का मिलकर यह दायित्व है कि वे सामान्य लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए मिलजुल कर काम करें। उन्होंने कहा



कि संसद द्वारा पारित अनेक अधिनियमों से लोगों की आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

### 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए करें काम: राष्ट्रपति



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने मंगलवार को संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर देशवासियों से आग्रह किया कि वे संवैधानिक आदर्शों को अपने व्यवहार में अपनाएं और अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करें और 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करें। राष्ट्रपति मुर्मु ने मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। आज हम सभी एक ऐतिहासिक घटना के भागीदार बने हैं। 75 साल पहले संवैधानिक परिषद ने संवैधानिक परिषद के इसी केंद्र में एक नव स्वतंत्र देश के लिए संविधान बनाने का एक बड़ा कार्य पूरा किया था। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मु ने संविधान निमार्ताओं का स्मरण किया। उन्होंने संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों और अधिकारियों के योगदान को भी याद किया। उन्होंने महिला आरक्षण पर कानून को लोकतंत्र में महिला सशक्तिकरण के नए युग की शुरूआत बताया। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, उपसभापति हरिवंश, केन्द्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू, राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मंच पर उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने संविधान की आत्मा को कमजोर किया: जेपी नड्डा

हमारे संविधान की व्याख्या को दुर्भावनापूर्ण प्रयासों के माध्यम से विकृत और गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज कहा कि हमारे संविधान की व्याख्या को दुर्भावनापूर्ण प्रयासों के माध्यम से विकृत और गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत एजेंडों को पूरा करना और संविधान की आत्मा को कमजोर करना है। नड्डा यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित 'संविधान दिवस समारोह' को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो लंबे समय तक सत्ता में रही, उसने बाबा साहब आंबेडकर का हमेशा अपमान किया। कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में ही दो साल के लिए आपातकाल लगाया गया था। हम सभी जानते हैं कि आपातकाल के दौरान अनुच्छेद 19, 21 और 22 को निलंबित कर दिया गया था। इन मौलिक अधिकारों को प्रभावी ढंग से छीन लिया गया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबा दिया गया था

**आरोप**

▶▶ कांग्रेस पार्टी जो लंबे समय तक सत्ता में रही, उसने बाबा साहब आंबेडकर का हमेशा अपमान किया: नड्डा

और धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता से वंचित किया गया था। उन्होंने कहा कि देश को पता होना चाहिए कि देश के सामने संविधान को सही तरीके से पेश करने में किस पार्टी का योगदान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान की रक्षा की।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया जबकि देश में लंबे समय तक कांग्रेस सत्ता में थी लेकिन बाबा साहब को भारत रत्न तब मिला, जब भाजपा सत्ता में आई। जेपी नड्डा ने कहा कि आज के दिन हम बाबा साहब आंबेडकर को याद करते हैं।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**




"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## स्कूलों में कानूनी शिक्षा होगी अनिवार्य!

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने स्कूली पाठ्यक्रम में कानूनी शिक्षा और आत्मरक्षा प्रशिक्षण को अनिवार्य के निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार और अन्य से जवाब मांगा। इस मामले में सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब मांगा है। दिल्ली की गीता रानी ने याचिका में कहा है कि प्रत्येक नागरिक के लिए मौलिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए बुनियादी कानूनों को समझना आवश्यक है। मौलिक अधिकारों की गारंटी संविधान ने दे रखी है। 'पाठ्यक्रम में बुनियादी कानूनी शिक्षा शामिल हो' याचिका में कहा गया है, शैक्षणिक पाठ्यक्रम में बुनियादी कानूनी शिक्षा को शामिल करना और स्कूल स्तर पर आत्मरक्षा का प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे किसी भी प्रतिकूल स्थिति में आत्मरक्षा कर सकें।

## दलितों की प्रगति नहीं चाहती बीजेपी: राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को एक बार फिर जाति जनगणना का मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की प्रगति के रास्ते में दीवार खड़ी करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी की ओर से संविधान दिवस पर आज दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़ों से कहा जाता है कि देश आपका है और इसमें आपकी भागीदारी है लेकिन जब हम डेटा देखते हैं तो यह झूठा साबित होता



**आरोप**

▶▶ संविधान दिवस के कार्यक्रम में अचानक बंद हुआ राहुल गांधी का माइक, पार्टी नेताओं ने की नारेबाजी

है। डेटा बताता है कि देश का पूरा बजट 90 लोगों के हाथ में है। इनमें से तीन दलित, तीन ओबीसी और एक आदिवासी वर्ग के लोग हैं। भाजपा के लोग इस वर्ग के विकास के रास्ते में दीवार खड़ी कर रहे हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के संसाधन 25 अरबपतियों के पास हैं। टाटा, बिड़ला अंबानी और अडानी ना दलित हैं और ना ही आदिवासी हैं। कार्यक्रम के दौरान एक बार के लिए बिजली कट के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भाषण बीच में रुक गया। माइक दोबारा चालू होने पर उन्होंने कहा कि पिछले तीन हजार साल से इस देश में दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के मुद्दे उठाने वालों का माइक बंद कर दिया जाता रहा है।

## बांग्लादेश में इस्कॉन हिन्दू धमार्चार्य की गिरफ्तारी पर भारत ने जताई चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश में हिन्दू धमार्चार्य चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी और जमानत न दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। साथ ही उनकी गिरफ़्तारी के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे अल्पसंख्यकों पर हमलों पर भी चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के अपराधी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं जबकि शांतिपूर्ण सभाओं के माध्यम से वैध मांगें पेश करने वाले धार्मिक नेता के खिलाफ आरोप लगाए जा रहे हैं।



राष्ट्रपति मुर्मु संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ के वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरूआत करने के लिए संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की बौलेट पेपर से मतदान की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से मतदान की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि जब एन. चंद्रबाबू नायडू और जगन मोहन रेड्डी जैसे नेता चुनाव हार जाते हैं तो वो कहते हैं कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ हुई है, लेकिन जब वो ही इसके जरिये चुनाव जीत जाते हैं तो फिर कुछ नहीं बोलते हैं। तब ईवीएम में कोई खामी नजर नहीं आती है। याचिकाकर्ता ने सभी चुनाव बैलेट पेपर के जरिए करवाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि 18 राजनीतिक दलों का समर्थन उन्हें हासिल है। चंद्रबाबू नायडू और जगन मोहन जैसे नेता भी कह चुके हैं कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट पहले भी बैलट वोटिंग की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर चुका है।

## बौलेट पेपर से चुनाव के लिए चलाएंगे अभियान: खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना से डरते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि फिर हर कोई अपना हिस्सा मांगना शुरू कर देगा। मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर आप वाकई देश में एकता चाहते हैं, तो आपको नफरत फैलाना बंद कर देना चाहिए। दरअसल, तालकटोरा स्टेडियम में



कांग्रेस पार्टी द्वारा आज संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जहां पर उन्होंने ये टिप्पणी की। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश में होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि चुनावों में पहले इस्तेमाल किए जाने वाले बैलेट पेपर सिस्टम की वापसी जाए। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम का समापन हो। उन्होंने कहा कि हमें ईवीएम नहीं चाहिए, हमें बैलेट पेपर चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि देश में अगर फिर से बैलेट पेपर से होने वाली वोटिंग प्रक्रिया की शुरूआत नहीं होती है तो एक बड़ा अभियान कांग्रेस चलाएगी।

**ऐलान**

▶▶ मोदी जाति जनगणना से डरते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि फिर हर कोई हिस्सा मांगना शुरू कर देगा

## संविधान पर संसद में दो दिवसीय चर्चा चाहता है विपक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के दोनों सदनों में दो दिवसीय चर्चा कराए जाने की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने सदनों में क्रमशः सभापति और अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपना आग्रह प्रकट किया है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में आज इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसे अवसरों पर विशेष चर्चा कराई गई है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन चाहता है कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर दोनों सदनों में सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को संविधान पर अपना श्रद्धा प्रकट करने का अवसर मिले। डॉ. बीआर अंबेडकर की 125वीं जन्म जयंती, भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ और स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर भी इस तरह की चर्चाएं आयोजित की जा चुकी हैं।

**आत्मनिर्भर** प्रदेश सरकार हिमाचल को 2027 तक आत्मनिर्भर तथा 2032 तक देश का सबसे समृद्धशाली राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही

## ग्रीन हिमाचल-समृद्ध हिमाचल का सपना होगा साकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को 2027 तक आत्मनिर्भर तथा 2032 तक देश का सबसे समृद्धशाली राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, जिसके लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आज यह बात प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं कृषि पारिस्थितिकी संस्था द्वारा ग्रीन हिमाचल, समृद्ध हिमाचल विषय को लेकर दी गई प्रस्तुति के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ग्रीन हिमाचल, समृद्ध हिमाचल के लक्ष्य को केन्द्रित



करते हुए प्रदेश सरकार हिमाचल को ग्रीन राज्य के रूप में विकसित करने के दृष्टिगत यहां के प्राकृतिक संसाधनों का उचित दोहन करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार से जोडने और लघु एवं सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है ताकि युवा आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में अपना योगदान दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। इसमें ड्रोन तकनीक आधारित सेवाएं महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति को केन्द्रित करते हुए निर्माण, कृषि, चिकित्सा, आपदा के दौरान खाद्य वस्तुओं का वितरण इत्यादि सेवाएं ड्रोन तकनीक के तहत महत्त्वपूर्ण साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से

**रोजगार पर बल**

▶▶ युवाओं को स्वरोजगार से जोडने और लघु एवं सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा

प्रदेश में लगभग 15 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। युवाओं को ड्रोन तकनीक आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अत्याधुनिक पाठ्यक्रम आरम्भ किए गए हैं जिनमें कृत्रिम मेधा जैसे विषय भी शामिल हैं। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सोलर एनर्जी के माध्यम से भी प्रदेश में लगभग तीन हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। प्रदेश में घरों की छतों पर लगभग 16 लाख सोलर रूफटॉप लगाए जाएंगे।

## लाडवा को मॉडल विधानसभा क्षेत्र के रूप में करेंगे विकसित: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडवा हल्का को मॉडल विधानसभा के रूप में विकसित करने के लिए सरकार योजना बना रही है और इस योजना के अनुसार धीरे-धीरे लाडवा को विकसित करने का काम किया जाएगा। इस हल्का के हर गांव और वार्डों का लोगों के सुझावों के अनुसार विकास किया जाएगा और नागरिकों की सभी सामूहिक मांगों को सबसे पहले पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को देर सायं लाडवा विधानसभा क्षेत्र



के गांव मथाना व लाडवा में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रमों में बोल रहे थे।

इससे पहले मुख्यमंत्री का गांव मथाना व लाडवा में पहुंचने पर लोगों की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गांव मथाना के विकास के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा करने के साथ-साथ और लाडवा व मथाना की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडवा हल्का के नागरिकों के आशीर्वाद से प्रदेश के लोगों की सेवा करने की उन्हें दूसरी बार और प्रदेश सरकार को तीसरी बार सेवा करने का अवसर मिला है।

अब सरकार नॉन स्टॉप गति से लाडवा के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश का विकास करेगी।

# एक्सप्रेस-वे बनने से कालिंदी कुंज चौक पर दिनभर लगता है जाम



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बदरपुर विधानसभा के मीठापुर चौक पर छह लेन का हाईवे शुरू होने से हरियाणा और राजस्थान जाने वाले वाहन चालकों को जाम से काफी हद तक राहत मिल गई। वह सीधा कालिंदी कुंज चौक से हाईवे पर जाकर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। दूसरी तरफ इस रूट पर वाहनों की संख्या बढ़ने से कालिंदी कुंज चौक पर दिनभर जाम लगने लगा है। सुबह और शाम को लालबत्ती से भी यातायात सुचारू नहीं हो पाता। यातायात पुलिस को खुद ही मोर्चा संभालना पड़ रहा है। इसके बाद भी भयंकर जाम लग रहा है। 12 नवंबर को मीठापुर चौक के पास छह लेन के हाईवे का उद्घाटन किया गया था। जो लोग नोएडा आने-जाने के लिए मथुरा रोड का इस्तेमाल कर रहे थे। अब वह इस हाईवे का इस्तेमाल कर रहे हैं। फरीदाबाद और राजस्थान आने-जाने वाले वाहन चालक मथुरा रोड पर न जाकर कालिंदी कुंज से ही मीठापुर रोड से हाईवे पर जा रहे हैं। ऐसे में हाईवे और कालिंदी कुंज चौक से जुड़ने वाले मीठापुर रोड पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। इससे कालिंदी कुंज चौक पर सुबह से शाम तक भयंकर जाम लग रहा है। नोएडा और फरीदाबाद की तरफ से आने वाला यातायात कालिंदी कुंज चौक पर आमने-सामने आ जाता है। ऐसे में पूरा क्षेत्र चौक हो जाता है।

**मीठापुर से आने वाले रोड पर आठ गुणा बढ़े वाहन**

यातायात पुलिस का दावा है कि हाईवे शुरू होने से मीठापुर रोड पर करीब आठ गुणा वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। पहले यहां से दिनभर करीब 20 से 30 हजार वाहन गुजरते थे। अब इस मार्ग से प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख वाहन चालक गुजर रहे हैं। इनमें अधिकतर राजस्थान, फरीदाबाद, बदरपुर, मीठापुर आने-जाने वाले शामिल हैं।

**15 से 55 सेकेंड करना पड़ा लालबत्ती का समय**

यातायात पुलिस ने कालिंदी कुंज चौक पर यातायात को सुचारू करने के लिए मीठापुर लालबत्ती का समय भी बढ़ा दिया है। पहले 15 सेकेंड की लालबत्ती होती थी। अब इसे 55 सेकेंड कर दिया गया है। इसके बावजूद जाम से कोई राहत नहीं मिल रही है।

**प्रतिदिन होती है करीब चार लाख वाहनों की आवाजाही**

यातायात पुलिस के अनुसार कालिंदी कुंज चौक से प्रतिदिन करीब चारी लाख वाहनों की आवाजाही होती है। यहां से नोएडा, सरिता विहार फ्लाईओवर, मदनपुर खादर, फरीदाबाद, राजस्थान के लिए वाहन गुजरते हैं।

पुलिस का कहना है कि सुबह और शाम को भीषण जाम लगता है। नोएडा से आने वाले यातायात के लिए 155 सेकेंड की लालबत्ती करने पर भी स्थिति सामान्य नहीं होती।

**दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे से जुड़ जाता है हाईवे**

हाईवे शुरू होने से पहले नोएडा से फरीदाबाद जाने वाले वाहन चालक मथुरा रोड का इस्तेमाल करते थे।

# पांच दिन तक पत्नी की लाश के साथ ट्रक में सोता रहा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दक्षिण-पूर्व** जिले के ओखला औद्योगिक थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। ट्रक चालक प्रदीप ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और पांच दिन तक शव ट्रक में रखा। शव के साथ वह ट्रक में सोता व रहता था। आरोपी चालक ने ये बात ट्रक मालिक को बताई। मालिक की शिकायत पर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पांच दिन में शव सड़-गल चुका था। शव में कीड़े पड़ गए और बदबू आने लग गई थी। दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि मृतक महिला नीतू (34) मूलरूप से बिहार की रहने वाली थी। उसने प्रदीप से चार वर्ष पहले शादी की थी। नीतू का पहले पति से एक बेटा था, जो उसके भाई के पास रहता है। प्रदीप की ये दूसरी शादी थी। प्रदीप 13 नवंबर को महाराष्ट्र से ट्रक लेकर दिल्ली चला था। उसकी पत्नी 19 नवंबर को दिल्ली आई थी। वह पत्नी को गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन से लेकर आया था। इसके बाद उसने गला घोंटकर पत्नी की ट्रक में हत्या कर दी और शव को ट्रक में रखा था। प्रदीप को संदेह था कि नीतू के बिहार के एक युवक से अवैध संबंध बन गए हैं। इस कारण दोनों में आए दिन झगड़ा होता रहता था। झगड़े वाले दिन प्रदीप ने शराब पी थी। वह पत्नी के शव के साथ शराब के नशे में ही रहता था।


## भारतीय रेल

**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**

सं. 2024/आरएस (ई)/टीएम/2 नई दिल्ली, दिनांक 20.11.2024

**विषयः 41 अदद् 'बैलास्ट रेगुलेटिंग मशीन (बीआरएम)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 21.02.2025 को बंद होने वाली ई-खुली वैश्विक निविदा सं. 2024-टीएम-2**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से 41 अदद् 'बैलास्ट रेगुलेटिंग मशीन (बीआरएम)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई-बोलियां जमा करने के लिए **http://www.ireps.gov.in** वेबसाइट देखें।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

3629/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत एसएसई/डब्ल्यू/सोनीपत के अनुभाग में रेल कोच नवीनीकरण कारखाना बरही, उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य जिसकी समाप्ति की अवधि 30.06.2025 है |
| अनुमानित लागत | Rs. 9173076.22/- |
| धरोहर राशि | Rs. 183500/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। **नोटः**- एफ. डी. आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई. एम. डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई- 1 /सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई. आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधी | 12 महीने |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 17.12.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 17.12.2024 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेब साइट जहा निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |
| समान प्रकार के कार्य | ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

**नोट**- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **संख्याः 128- डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू -I (NIT- 54) दिनांकः 25.11.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3631/24


# हवलदार को घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिसकर्मियों को रिश्वत लेने का सिलसिला थम नहीं रहा है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा में तैनात हवलदार संजय कुमार को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी हवलदार अपराध शाखा की की एएनटीएफ में दर्ज एक मामले में शिकायतकर्ता को नहीं फंसाने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था। उसे दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस के जनसंपर्क विभाग के अनुसार आरोपी हवलदार पुरानी कोतवाली, दरियागंज में स्थित पुलिस स्टेशन एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) में तैनात एसआई संजीव कुमार और एएसआई किरोड़ीमल के कहने पर रिश्वत ले रहा था। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के पुलिस अधिकारियों के अनुसार एसआई संजीव कुमार और एएसआई किरोड़ीमल दोनों को निलंबित कर दिया गया है।


## उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी जिसका विवरण सारणीबद्ध है।

| क्र सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई-कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम | रेलवे स्टेशन के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02 रेलवे स्टेशन पर, पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख - रखाव के ठेका | UMB-PnU-04-2024 | यमुनानगर जगाधरी (सिर्कुलाटिंग एरिया) एवं राजपुरा (बेटिंग हॉल एरिया PF-1) | 09.12.2024 को 11:00 बजे |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।
**3636/2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (**https://ireps.gov.in/**) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-26-2024 | दिनांक 12.12.2024 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), नया गाजियाबाद, दिल्ली (PF-16) (B-T-T), शकूरबस्ती, नई दिल्ली (AG Side) (TW Parking), करनाल (641.62 वर्गमीटर), कुरुक्षेत्र 1st Entry, कुरुक्षेत्र 2nd Entry, गाजियाबाद(भूर साइड) (1150.67 वर्गमीटर), तुगलकाबाद (C-S), दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), बुढलाडा, बरेटा, मुरादाबाद, सांपला (Main Entry), खतौली, टोहाना, बादली 2nd Entry, कुरुक्षेत्र Site-1, कुरुक्षेत्र Site-2, बरौत, पानीपत (2nd Entry), आदर्श नगर (PRS), दिल्ली सराय रोहिल्ला (Car) = कुल 25 साइटें |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ :**
**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता
4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेत रेलवे प्राधिकारी** : वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055, Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084

**सं.: 23AC/393/E-Auction/2022 दिनांक: 26.11.2024** **3634/2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/रोड सुरक्षा प्रोजेक्ट, उत्तर रेलवे, 901 बी, टावर-I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टावर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली - 110002 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई निविदा आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का पूरा नाम | उत्तर प्रदेश में लखनऊ (एलकेओ) मंडल में, दो रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य, लेवल क्रॉसिंग (एलसी) नंबर 43ए, किमी 830/15-16 (2 लेन आरओबी), जौनपुर (जेएनयू) - मोहगांव (एमजीडब्ल्यूएन) स्टेशनों के बीच, जौनपुर-शाहगंज खंड पर और लेवल क्रॉसिंग (एलसी) नंबर 9 बी किमी, 830/9-10 (4 लेन आरओबी), जौनपुर सिटी यार्ड में, जाफराबाद (जेडबीडी) - सुल्तानपुर (एसएलएन) खंड पर, सड़क सुरक्षा परियोजना इकाई (आरएसपीयू) उत्तर रेलवे के अंतर्गत। |
| 2 | लगभग कार्य की लागत | ₹100,88,30,507.78 (रुपये एक सौ करोड़, अट्ठासी लाख तीस हजार पांच सौ सात और अठहत्तर पैसे मात्र) |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| 4 | बयाना राशि | ₹51,94,200.00/- (रुपये इक्यावन लाख चौरानवे हजार दो सौ मात्र) |
| 5 | रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता | वेबसाइट निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर 25.11.2024 से 24.12.2024, 11:30 बजे तक उपलब्ध होंगे। |
| 6 | निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर 24.12.2024 तक, 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.12.2024, 11:30 बजे के बाद किसी भी समय तक। |

**पत्रांक सं. 08/W/09/2024/WA/Dy.CE/C/RSP दिनांक: 25.11.2024** **3630/2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# संविधान दिवस हमें हमारे देश के संविधान के महत्व को याद



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**
रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर संविधान दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने संविधान के महत्व और इसके निर्माण के बारे में जागरूक किया। संविधान दिवस के अवसर पर, विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और इसके मूल्यों को समझा। उन्होंने संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव आंबेडकर और अन्य महान नेताओं के योगदान को भी याद किया राजनितिक कला संकाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संविधान संबंधी विभिन्न गतिविधियों संविधान के प्रावधानों पर चर्चा, संविधान के महत्व और संविधान संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।

## संविधान दिवस का भव्य आयोजन

**गन्नौर।** मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बेगा में संविधान दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पठन से हुआ, जिसने छात्रों और शिक्षकों में संविधान के प्रति आदर और गौरव का भाव जगाया।

# हर किसी को संविधान का सम्मान करना चाहिएः विधायक देवेंद्र कादियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** उपमंडल प्रशासन गन्नौर द्वारा मिनी सचिवालय में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत कर डा. बीआर अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विधायक कादियान ने कहा कि हर भारतीय के लिए 26 नवंबर का दिन गर्व का दिन है। 26 नवंबर 1949, के दिन संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। यह संविधान ही है, जो हमें आजाद देश के आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। हर किसी को संविधान का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश में सभी लोगों को जागरूक करके अपने हक अधिकारों के बारे में बताना बहुत जरूरी है, जिससे की कोई भी व्यक्ति उनका शोषण ना कर सके। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने सभी उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई और कहा कि देश में संविधान सर्वोपरि है, संविधान हमें एक ही बात के लिए आग्रही बनाता है।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## Change of Name

**I PUSHPENDER LAKHIA S/O SH. CHHOTE LAL R/O E-466, JAHANGIR PURI, DELHI-11003. That DHRUV LAKHIA is my real SON and his/her correct and actual date of birth is 10.11.2010. That the 2 names (1) DHRUV LAKHIA and (2) DHURUV LAKHIA are the names of my own real son (2 or more then 2 names of a same and single person) and according to his own AADHAAR CARD NO.2863 0699 2452 his correct and actual name has been recorded as DHRUV LAKHIA and I want to rectify his wrongly recorded name with his correct name i.e. DHRUV LAKHIA in his concerned school records .He is presently studying in Class 9TH Sec. A in SARVODAYA BAAL VIDYALAYA SU-BLOCK, PITAM PURA, DELHI-110033.**

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली मॉडल को अपना रहे कई राज्यः आप

## आम आदमी पार्टी ने अपना 12वां स्थापना दिवस मनाया, दोनों नेताओं ने अपनी पार्टी के संघर्ष के बारे में लोगों

**केंद्र पर बरसे**

**2012 में आज का ये दिन इतिहास का वो पल है, जब देश के आम आदमी ने अपनी ताकत पहचानी**







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को अपना 12वां स्थापना दिवस है। मुख्यमंत्री आतिशी ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 12 साल पहले आज के ही दिन आप का गठन हुआ था। कहा कि जब आप का गठन हुआ था तो लोग हम पर हंसते थे कि आप लोग भी राजनीति करोगे, आप के पास तो कुछ भी नहीं है।

**केजरीवाल ने वह कर दिखाया है जो कोई नहीं कर पाया**

आतिशी ने कहा लेकिन अरविंद केजरीवाल ने वह कर दिखाया है जो कोई नहीं कर पाया था। गठन के एक साल बाद में चुनाव हुआ और हमारी पार्टी को 28 सीटें मिलीं और 2015 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। 2020 में फिर सरकार बनी और जनता केजरीवाल के साथ है।

**देशभर में सराहा जाता है आप का दिल्ली मॉडल**

आतिशी ने कहा हमने स्कूल अच्छे कर दिए, तो आप का दिल्ली मॉडल देशभर में सराहा जाता है। दिल्ली मॉडल पर दूसरे राज्यों की सरकारें काम कर रही हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। मगर भाजपा ने आप को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आप हम सभी संकल्प लेते हैं कि हम फरवरी में होने जा रहे चुनाव में फिर से केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाएंगे।

**आम आदमी ने अपनी ताकत पहचानी**

आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2012 में आज का ये दिन इतिहास का वो पल है, जब देश के आम आदमी ने अपनी ताकत पहचानी और आम आदमी पार्टी की स्थापना की। कहा कि अब तक का हमारा ये सफर संघर्ष, बलिदान और जीत की कहानियों से भरा रहा। केजरीवाल ने कहा कि पिछले एक साल में तो हमें मिटाने की लाख कोशिशें हुईं, लेकिन हमारी ईमानदारी, जनता के प्यार और कार्यकर्ताओं के हौसले ने हमें और मजबूत बना दिया। हम अन्याय और तानाशाही के खिलाफ पहले से ज्यादा मजबूती से खड़े हैं।

**आज ही भारत का संविधान दिवस**

केजरीवाल ने कहा कि आज ही भारत का संविधान दिवस है। भगवान ने संविधान दिवस के दिन ही इसे पैदा किया है। हमने जब पार्टी बनाई तो एक भी नेता हमारी पार्टी में नहीं था। झाड़ू हमारा चुनाव चिन्ह है अब अगर सफाई करने निकलोगे तो धूल तो उड़ेगी ही। यह सब जो उनके साथ किया जा रहा है, यह धूल ही है। कहा कि यह तो होना ही था, संघर्ष तो हमें करना ही है। मगर दिल्ली मॉडल के बाद अब देशभर में चर्चा होने लगी है। यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है।

# एसडीएम और अधिकारियों के माध्यम से वोट कटवा रही है केंद्र सरकार: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। सीएम आतिशी ने कहा, 'केंद्र सरकार दिल्लीवालों के खिलाफ एक बहुत बड़ा षड्यंत्र रच रही है। गलत तरीके से चुनाव जीतने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर दिल्लीवालों के वोट काटने का काम शुरू कर रही है। इस षड्यंत्र के तहत 28 अक्टूबर को दिल्ली के 29 एसडीएम-



एडीएम का ट्रांसफर किया गया और उसके बाद अधिकारियों को बड़े स्तर पर वोट काटने का आदेश दिया गया है। आतिशी ने कहा, 'अब ऑफिसों से एईआरओ-बीएलओ को आदेश दिए जा रहे हैं। उन्हें एक वोटर लिस्ट दी जा रही है, जिसमें से आम आदमी पार्टी के वोटरों के नाम हैं और उन्हें वोटर लिस्ट से काटना है। मेरी सभी एईआरओ-बीएलओ से अपील है कि यदि किसी भी अधिकारी द्वारा उन पर ऐसा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है तो उसकी रिकॉर्डिंग कर मुझे भेजें। लोकतंत्र की हत्या के इनके षड्यंत्र का पर्दाफाश करें, ताकि इन अधिकारियों पर सख्त कारवाई की जा सके।'

# संविधान और लोकतंत्र बचाने की हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी: केजरीवाल

**आप सशक्त**

**अन्याय और तानाशाही के खिलाफ आआपा पहले से ज्यादा मजबूती से खड़ी है: केजरीवाल**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आआपा) के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 26 नवंबर 2012 को आआपा एक ऐसी पार्टी की रूप में सामने आई, जो आम जनता के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आआपा की सबसे बड़ी ताकत दिल्ली में सच्चाई और ईमानदारी के साथ जनता का प्यार मिलना है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2012 में आज का ये दिन इतिहास का वो पल है, जब देश के आम आदमी ने अपनी ताकत पहचानी और आम आदमी पार्टी की स्थापना की। उन्होंने कहा कि अब तक का ये सफर संघर्ष, बलिदान और जीत की कहानियों से भरा रहा है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट लिखकर कहा कि पिछले एक साल में तो हमें मिटाने की लाख कोशिशें हुईं लेकिन हमारी ईमानदारी, जनता के प्यार और कार्यकर्ताओं के हौसले ने हमें और मजबूत बना दिया। उन्होंने कहा कि अन्याय और तानाशाही के खिलाफ आआपा पहले से ज्यादा मजबूती से खड़ी है।

## सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पहुंचे आईपीएस बृजेंद्र यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में आईपीएस बृजेंद्र यादव एक डॉक्टर पर अपनी कप्तानी झाड़ते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि डॉक्टर प्यार से उनकी बातों का जवाब दे रहे हैं, लेकिन उनके बात कम गुंडागर्दी दिखाते ज्यादा नजर आ रहे हैं।

# भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष करेगा सरकार का घेराव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा के 29 नवंबर से आहूत सत्र में विपक्ष जनहित और विभिन्न क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार का घेराव करेगा। उन पर सरकार से जवाब मांगेगा। इसके अलावा सत्र में प्रश्नकाल रखने की मांग भी की जाएगी। यह निर्णय दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक में लिया गया। इस बैठक में भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अभय वर्मा, अजय महावर, अनिल बाजपेयी और जितेंद्र महाजन उपस्थित थे। नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा स्थित कार्यालय में आयोजित विधायक दल की बैठक में विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने रोहिंग्याओं को दिल्ली सरकार द्वारा वोटर कार्ड जारी करने के मुद्दे पर सरकार का विरोध करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसको सभी विधायकों ने सर्वसम्मति के साथ इसे पारित किया। विपक्षी विधायकों ने निर्णय लिया कि रोहिंग्या समेत अन्य ज्वलंत मुद्दों के आधार पर सत्र में आक्रामक रवैया अपनाते हुए आम आदमी पार्टी (आआपा) से उसका जवाब मांगा जायेगा। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कैग की

**पूछेंगे सवाल**

**उन पर सरकार से जवाब मांगेगा। इसके अलावा सत्र में प्रश्नकाल रखने की मांग भी की जाएगी**

12 रिपोर्ट्स को सदन में प्रस्तुत करने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा ताकि सरकार के किए खर्चे के बारे में जनता को जानकारी मिल सके। इसके अलावा दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता से उपजे भारी प्रदूषण, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शीश महल के कंस्ट्रक्शन और साज सज्जा पर जनता की कमाई के करोड़ों रुपये बर्बाद करने, छठे दिल्ली वित आयोग का गठन न करने, अन्त्योदय अन्न योजना के तहत दिल्ली के 90 हजार गरीबों को राशन कार्ड जारी न करने, दिल्ली के 29 राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालयों को बंद करने, अस्पतालों में आईसीयू ब्लॉक्स के अधूरे पड़े निर्माण कार्यों और दरियापुर में एसओएसई स्कूल की लावारिस पड़ी बिल्डिंगों पर करोड़ों रुपये बर्बाद करने जैसे अनेक मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा जाएगा।

# मुठभेड़ के बाद दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिम विहार रिंग रोड स्थित राज मंदिर सुपरमार्केट और द्वारका जिले के छावला स्थित एक वर्कशॉप पर कुछ ही घंटे के अंदर ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग करके सनसनी फैलाने के मामले में बाहरी जिला पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। इस मामले में पुलिस ने दो शूटरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान बाहरी जिले के डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि जिले के एंटी एक्सटॉर्शन सेल और एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई करते हुए इन दोनों शूटर को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पवन और प्रवेश के रूप में हुई है। ये दोनों हरियाणा के बहादुरगढ़ के रहने वाले हैं। इनके पास से दो सोफिस्टिकेटेड पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और तीन



खाली कारतूस भी बरामद किया गया है। साथ ही चोरी की एक बाइक भी जब्त की गई है।

डीसीपी के अनुसार एसीपी नेकी राम लाम्बा की देखरेख में इंस्पेक्टर रितेश राज की टीम ने मुंडका इलाके में इनको बीती रात रुकने का इशारा किया लेकिन इन लोगों ने आत्मसमर्पण करने की बजाय पुलिस टीम पर गोली चलानी शुरू कर दी। इसके कारण पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाकर इनको पकड़ा।

# विधानसभा चुनावः कांग्रेस ने किया बड़ा बदलाव

**जिम्मेदारी**

**बाबरिया को हटाकर काजी मोहम्मद को सौंपी कमान, पार्टी ने दिया मुस्लिम समुदाय को संदेश**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस आलाकमान ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन को दुरुस्त करने की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं। उसने संगठन के स्तर पर एक बड़ा बदलाव किया है। इस कड़ी में उसने प्रदेश प्रभारी बदल दिया है। वहीं, प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति करने और उम्मीदवार तय करने के मामले में स्क्रीनिंग कमेटी गठित करने में अपने परंपरागत मुस्लिम समुदाय को वापस अपनी ओर लाने के लिए भी पहल की है।





कांग्रेस ने प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया को विवादों के कारण हटा दिया। बाबरिया के नेतृत्व में पार्टी कई मुद्दों से जूझ रही थी। उनसे विवाद होने के कारण लोकसभा चुनाव के दौरान अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था और वे अपने कई साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। लवली का भाजपा में जाना कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका था, जिससे पार्टी को अपने संगठन और नेतृत्व में सुधार की आवश्यकता महसूस हुई। कांग्रेस ने बाबरिया को हटाकर काजी मोहम्मद निजामुद्दीन को प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया है। यह बदलाव मुस्लिम समुदाय को एक सशक्त संदेश देने की दिशा में किया गया है, क्योंकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए इस समुदाय को अपने पाले में लाना जरूरी हो गया है।

**उम्मीदवार तय करने के लिए कमेटी गठित**

कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उम्मीदवारों का चयन पारदर्शी और रणनीतिक रूप से किया जाए। स्क्रीनिंग कमेटी में पार्टी के दिग्गज नेता रसीद मसूद के खानदान से सांसद इमरान मसूद को सदस्य बनाया गया है। इमरान मसूद का नाम कांग्रेस में एक ताकतवर नेतृत्व के तौर पर उभरकर सामने आया है और उनकी उपस्थिति कमेटी में कांग्रेस के लिए एक सकारात्मक संदेश देगी। इस कमेटी की अध्यक्षता मीनाक्षी नटराजन को दी गई है, जो पार्टी के अंदर एक प्रमुख नेता मानी जाती हैं।

# किसी भी सामान की माप-तौल हुई गलत तो दुकानदार पर लगेगा दोगुना जुर्माना

**नई दिल्ली:** दिल्ली में सामान का माप-तौल गलत हुआ या फिर कोई दुकानदार ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने का प्रयास करता है तो अब उस पर दोगुना जुर्माना लगेगा। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 में संशोधन को मंजूरी दी है। इसकी मदद से खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और निर्माताओं की गड़बड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। इसकी मदद से आम उपभोक्ता को धोखाधड़ी और ठगी से बचाएगा जा सकेगा। ये संशोधन, जन विश्वास अधिनियम



2023 के तहत केंद्र सरकार के हाल ही में पेश किए गए परिवर्तनों के अनुरूप हैं। उपभोक्ता संरक्षण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना और निष्पक्ष बाजार प्रथाओं को सुनिश्चित करना है। दिल्ली विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) संशोधन नियम, 2011 की अनुसूची 11

**सख्ती**

**दुकानदार ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने का प्रयास करता है तो अब उस पर दोगुना जुर्माना लगेगा**

में परिवर्तन शामिल हैं। अमानक बाट या माप के उपयोग पर जुर्माना खुदरा विक्रेता के लिए 2500 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये, थोक विक्रेता के लिए 10,000 रुपये तथा पेट्रोलियम उद्योग/पेट्रोल पंप के लिए 50,000 रुपये किया जाएगा।

## राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए बृजभूषण शरण सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। अदालत छह महिला पहलवानों में से एक का बयान दर्ज करेगी, जिन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। अदालत ने 21 मई को मामले में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए बल प्रयोग के आरोप तय किए थे। सिंह ने खुद को निर्दोष बताया था और मुकदमे का दावा किया था।

# 30 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ चलेगा अभियोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लैंड फॉर जॉब घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई को 30 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ अभियोजन चलाने की मंजूरी मिल गई है। सीबीआई ने मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि अभी भी एक सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जरूरी स्वीकृति का इंतजार है। उसके बाद स्पेशल जज विशाल गोगने ने मामले की अगली सुनवाई 23 दिसंबर को करने का आदेश दिया। सीबीआई ने 20 सितंबर को कोर्ट को बताया था कि गृह मंत्रालय ने लालू यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी है, जबकि बाकी आरोपितों के खिलाफ अनुमति मिलने में 15 दिन और लगेंगे।



इससे बाद 19 नवंबर को सीबीआई ने कहा था कि लैंड फॉर जॉब घोटाले से जुड़े मामले में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए अभी जरूरी अनुमति नहीं मिली है। उसके बाद कोर्ट ने सक्षम प्राधिकार को एक हफ्ते में अनुमति पर फैसला करने का निर्देश दिया था। सीबीआई ने 7 जून को इस मामले में अंतिम चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें 78 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इनमें से रेलवे में नौकरी पाने वाले 38 उम्मीदवार भी हैं। ईडी के मामले में कोर्ट ने 18 सितंबर को पहली पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप

**लैंड फॉर जॉब**

**राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि अभी भी एक सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जरूरी स्वीकृति का इंतजार है**

यादव समेत सात आरोपितों को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया था। ईडी के मामले में 7 मार्च को कोर्ट ने राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी। ईडी के मामले में हाई कोर्ट आरोपित अमित कात्याल को जमानत दे चुका है। इस मामले में ईडी के पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था।

# प्रदूषण के दुष्प्रभावों को लेकर सामने आई डराने वाली रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ महीनों से वायु प्रदूषण का स्तर गंभीर और बेहद गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का 400 या इससे अधिक बने रहना सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता है। मंगलवार (26 नवंबर) को सुबह करीब 6:30 बजे दिल्ली के कई हिस्सों में एक्यूआई 396 से 400 रिकॉर्ड किया गया। रोहिणी और विवेक विहार में एक्यूआई 430 से अधिक था। हवा की इस तरह की गुणवत्ता के अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के दुष्प्रभावों का खतरा रहता है। वायु प्रदूषण और इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य



समस्याओं से संबंधित एक अध्ययन की रिपोर्ट काफी डराने वाली है। कोलेब्रेशन फॉर एयर पॉल्यूशन एंड हेल्थ इफेक्ट रिसर्च (कैफर) इंडिया के साल 2023 के विश्लेषण में कहा गया है कि बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण बच्चों में गंभीर बीमारियों और मृत्यु दर में बड़ा इजाफा हुआ है। साल 2019 में बाहरी वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की सबसे ज्यादा मौतें रिपोर्ट की गईं। इसके बाद हरियाणा और पंजाब में भी

**दमघोंटू**

**मंगलवार को सुबह करीब 6:30 बजे दिल्ली के कई हिस्सों में एक्यूआई 396 से 400 रिकॉर्ड किया गया**

बच्चों का मृत्यु दर काफी अधिक था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये डेटा वायु प्रदूषण के कारण मृत्यु दर से संबंधित पिछले शोध और अनुमान मॉडल पर आधारित है। ये रिपोर्ट अभी तक पब्लिक डोमेन में नहीं डाली गई है। रिपोर्ट के मुताबिक अकेले साल 2019 में, बाहरी स्रोतों के कारण होने वाले प्रदूषण और इससे हवा में बढ़ते पीएम 2.5 के अलावा खाना पकाने के लिए ठोस ईंधन के उपयोग से भारत में 16 लाख से अधिक मौतें हुईं, इसमें से 1.5 लाख से अधिक मौतें 14 साल से कम उम्र के बच्चों की थीं। भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु के लिए वायु प्रदूषण को तीसरा सबसे बड़ा जोखिम कारक माना गया है। विशेषज्ञों ने कहा, बच्चे वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से असमान रूप से प्रभावित होते हैं। इतना ही नहीं इसका प्रतिकूल प्रभाव उनके पूरे जीवन काल पर असर डाल सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2019 में, उत्तराखंड, राजस्थान, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में आउटडोर पीएम 2.5 से संबंधित मौतों के प्रतिशत में वृद्धि हुई है।

# एक्यूआईएस की जांच के लिए समय सीमा 2 दिसंबर तक बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस रेखा पल्ली की अध्यक्षता वाली बेंच ने आतंकी संगठन अल कायदा से जुड़े आतंकी मॉड्यूल (एक्यूआईएस) की जांच के लिए समय सीमा 2 दिसंबर तक बढ़ा दी है। हाई कोर्ट ने 19 नवंबर को एक्यूआईएस की जांच के लिए और समय दिए जाने से इनकार करने के पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की याचिका पर इस मामले के 11 आरोपितों को नोटिस जारी किया है। दरअसल, इस मामले में जांच के लिए 90 दिन का समय 19




नवंबर को पूरा हो रहा था। दिल्ली पुलिस ने जांच पूरी न होने का हवाला देते हुए पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दाखिल कर जांच के लिए और समय देने की मांग की थी लेकिन पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को और समय देने से इनकार कर दिया था।

**आतंकी मॉड्यूल**

**जांच के लिए और समय दिए जाने से इनकार करने के पटियाला कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी**

इसके बाद दिल्ली पुलिस ने हाई कोर्ट का रुख किया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अगस्त में झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की पुलिस के साथ मिलकर 17 ठिकानों पर दबिश डालकर एक संयुक्त अभियान के तहत इन आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

# हरियाणा प्रजातांत्रिक सिद्धांतों को निरंतर आगे बढ़ा रहा: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार संविधान की मूल भावना के अनुरूप अपनी प्रगतिशील सामाजिक और आर्थिक नीतियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से प्रजातांत्रिक सिद्धांतों को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। हरियाणा सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की धारणा पर चलते हुए आधुनिक भारत के महान दार्शनिक और राजनीतिज्ञ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन एवं अंत्योदय के विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।
मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के प्रांगण में आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस समारोह के अवसर पर सूचना जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने सभी देशवासियों को संविधान दिवस व संविधान के अमृत महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सबके लिए विशेष गर्व और गौरव का दिन है। पूरे देश में आज संविधान का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा





है। 26 नवम्बर, 1949 के दिन देश की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। यही वह दिन है जब संविधान बनकर तैयार हुआ था। संविधान दिवस का मतलब देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है।

**संविधान की प्रस्तावना में लिखित वी द पीपल भारत की एकता, अखण्डता और गणतंत्र में जन-जन के विश्वास की अभिव्यक्ति**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आधुनिक भारत का सपना देखने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सहित संविधान बनाने वाले सभी महानुभावों को नमन करते हुए कहा कि आज से अगले पूरे एक वर्ष हम संविधान का अमृत महोत्सव मना रहे होंगे। यह वर्ष हमें सदियों से लोकतंत्र में भारतीयों के विश्वास की याद दिलाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान की प्रस्तावना में जो वी द पीपल लिखा है, यह सिर्फ तीन शब्द मात्र नहीं हैं। यह वाक्य पूरे भारत के जनगण का प्रतिनिधित्व करता है। यह एकता की अपील है, अखण्डता की प्रतिज्ञा है और गणतंत्र में जन-जन के विश्वास की अभिव्यक्ति है, जिसे मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहा जाता है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर से धारा-370 व 35-ए हटाकर अखण्ड भारत के अधूरे सपने को पूरा किया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में अपने प्राचीन आदर्शों और संविधान की भावना को लगातार मजबूत कर रहा है। आज खेल हो या स्टार्टअप्स, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी हो या डिजिटल पेमेंट्स, भारत के विकास के हर आयाम में युवा शक्ति अपना परचम लहरा रही है। हमारे संविधान और संस्थाओं के भविष्य की जिम्मेदारी भी हमारे युवाओं के कंधों पर ही है। आज के युवाओं में संविधान की समझ और बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि वे संवैधानिक विषयों पर चर्चा का हिस्सा बनें। इससे युवाओं में कर्तव्य, समानता और अधिकार जैसे विषयों को समझने का विजन पैदा होगा।
उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों का एकीकरण करके

## भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान : कश्मीरी

**मुख्य** वक्ता कश्मीरी लाल ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। भारत देश में एक आदिवासी या किसी अमीर आदमी के वोट की कीमत एक है तो वो इस संविधान के कारण ही है। दुनिया के 17 देशों का संविधान भारत के संविधान के बाद बना और उन सब में एक से ज्यादा बार संवैधानिक संकट आए, मुश्किलें आईं, लेकिन केवल एक भारत का संविधान है जहाँ संवैधानिक संकट नहीं आया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया और तब से हर वर्ष इस दिवस को मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस देश में संविधान की हत्या का प्रयास कभी नहीं हुआ। केवल 1975 में सभी ने देखा कि जब श्रीमती इंदिरा गांधी ने आपातकाल घोषित किया था। लोगों को जेलों में डाल दिया गया। उसके बाद लोगों को नसीहत आ गई कि संविधान से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दिन विद्यार्थियों को संविधान और देश की रक्षा करने का प्रण लेना चाहिए।

**भारतीय संविधान शासन के आधार के साथ भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और कलात्मक धरोहर का एक अद्वितीय प्रतीक – प्रो. सोमनाथ सचदेवा**

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारे संविधान में जो अद्भुत आर्ट वर्क है, उससे पता चलता है कि भारतीय संविधान न केवल शासन का आधार है बल्कि भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पौराणिक विरासत और कलात्मक धरोहर का भी एक अद्वितीय प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दस्तावेज नहीं है बल्कि ये हमारे राष्ट्र की आत्मा है। यह उन मूलभूत अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है जो प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार प्रदान करते हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। समारोह में कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच सहित अन्य गणमान्य अतिथि व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### वाहन चोरी का आरोपी किया काबू, ट्रांसपोर्ट नगर से बाइक बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** फरीदाबाद जिले में वाहन चोरी करने वाले आरोपी को अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद की है। बता दे कि पुलिस चौकी पाली में हिमांशु गांव शाहसनी जिला हाथरस उत्तर प्रदेश हाल वासी स्त्ररू नगर ने मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दी। उसने शिकायत में बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से कम्पनी प्रो. ग्रेसिव टुल पाली में नौकरी करने जाता है। कंपनी से छुट्टी होने के बाद बाहर आने पर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल नही मिली। जिसके संबंध में थाना डबुआ में मामला दर्ज किया गया है। अपराध शाखा उंचा गांव टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट से थाना डबुआ के चोरी के मुकदमे में पुलिस प्रोडक्शन पर लिया है। आरोपी सलमान गांव खंदावली का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ में मोटरसाइकिल को ट्रासपोर्ट नगर सेक्टर-58 एरिया से बरामद कराई है। आपराधिक रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर 3 मामले वाहन चोरी के दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### जल्द होगा नगर निगम का चुनाव : विपुल गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में संविधान दिवस के अवसर पर मानव रचना विश्वविद्यालय परिसर के लॉ विभाग सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसकी थीम हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान रहा। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे और उनके साथ बडखल से विधायक धनेश अदलखा व एनआईटी विधायक सतीश फागना विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में डीसी विक्रम सिंह व डीसीपी अभिषेक जोरवाल भी साथ रहे। कार्यक्रम में आर्ट गैलरी में, कानून की पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी अतिथिगण द्वारा किया गया। सभागार में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के अलावा अन्य बुद्धिजीवियों ने भी संविधान के ऊपर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। जिसके चलते सभी मंत्रियों और विधायकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसको लेकर वह मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान का हमारे देश में और जीवन में बड़ा महत्व है और संविधान की पालना करके हम अपने देश और प्रदेश को आगे ले जाने का काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में सभी ने संविधान को लेकर अपने-अपने विचार रखें और हमारे आने वाली पीढ़ी को इसके बारे में बताया, ताकि आने वाले जीवन में बच्चे संविधान का पालन करके अपने आप को आगे बढ़ा सकें। प्रदेश में नगर निगम चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि सभी अवरोध दूर करके जल्दी ही प्रदेश में नगर निगम के चुनाव कराए जाएंगे, जहां-जहां यह चुनाव पेंडिंग है। विपक्ष को घेरते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में उनकी सरकार बनी यह उनकी जीत थी। लेकिन महाराष्ट्र मे हमारी सरकार बनी तो ईवीएम को दोषी ठहराया जा रहा है इस तरह हरियाणा में जब तीसरी बार सरकार बनी तो सारा ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा गया यानी किसी आणि बिल्ली खंबा नोचे। प्रदेश सरकार द्वारा हेलिकॉप्टर खरीदने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले वाला हेलिकॉप्टर 15 साल पुराना था जिसको लेकर पिछले साल भी हेलिकॉप्टर खरीद को लेकर लिखा गया था, सो इसके चलते हरियाणा सरकार में इस हेलिकॉप्टर को खरीदा है।

### रोहतक में किसानों व मजदूरों ने किया चेतावनी प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**रोहतक:** संयुक्त किसान मोर्चा व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर मंगलवार को विभिन्न किसान मजूदरों व कर्मचारी संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन किया और प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान सभा जिला प्रधान प्रीत सिंह ने बताया कि आज ही के दिन किसानों ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच किया था और आंदोलन 13 महीने चला, जिसके बाद केन्द्र सरकार व किसानों के बीच लिखित में समझौता हुआ था, लेकिन आज तक सरकार ने स्वीकृत समझौते को लागू नहीं किया है, जिसके चलते संयुक्त किसान मोर्चा व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर सरकार के खिलाफ चेतावनी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

## फुटपाथ से शुरू किया सफर आज चार फैक्ट्री तक जा पहुंचा

**अपने हुनर से सैकड़ों महिलाओं को बनाया हुनरमंद, ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का भी काम कर रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** बुलंद हौसले और ईमानदार कोशिश हो तो सफलता एक ना एक दिन हासिल जरूर होती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है श्रीमती कृष्णा यादव ने। कभी सड़क किनारे फुटपाथ पर सब्जी बेच कर घर का गुजारा करने वाली कृष्णा आज गुरुग्राम के बजघेड़ा में अपनी मेहनत और लगन के दम पर चार फैक्ट्री को संभालती है। साथ ही साथ ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का भी काम कर रही है। 43वाँ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा गया है। इस मेले के हरियाणा मंडपम में एक ओर जहाँ हरियाणा की समृद्ध विरासत की झलक देखने को मिल रही है वही हरियाणा के लघु और कुटीर



उद्योग व उनसे जुड़े उत्पाद लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे है। मेले में एक स्टॉल कृष्णा पिकल्स के नाम से हरियाणा मंडपम में है। जिनके उत्पादों का घर जैसा स्वाद और इनकी शुद्धता लोगों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है।

**अचार बनाने के आईडिया ने बदली किस्मत**

कृष्णा पिकल्स की मालिक श्रीमती कृष्णा यादव बताती है कि किसी समय फुटपाथ पर सब्जी बेच कर परिवार का गुजारा करने को मजबूर थी। अक्सर सब्जी बच जाती जिस से काफी नुकसान हो जाता था। तब एक तरकीब सूझी और बची हुई सब्जी का अचार बनाना शुरू किया और उसे भी सब्जी के साथ बेचने के लिए रखना शुरू किया। फिर किसी ने बताया कि पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और कृषि विज्ञान केंद्र उजवा नई दिल्ली में अचार बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही है तो वहाँ से अचार, मुरब्बे, जूस आदि बनाए की ट्रेनिंग ली। शुरू-शुरू में ग्राहक अचार खरीदने में आनाकानी करते थे तो ग्राहक बनाने के लिए अचार के सैंपल फ्री देने शुरू किए।

**लोगों की पसंद**

▶▶ कृष्णा पिकल्स के नाम से मंडपम में है। उत्पादों का घर जैसा स्वाद और शुद्धता लोगों के बीच पसंद किया जा रहा

## हरियाणा में राज्यसभा उप चुनाव की सुगबुगाहट शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** में चार माह बाद फिर राज्यसभा उपचुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। पिछले माह विधानसभा के लिए चुने गए कृष्ण लाल पवार के इस्तीफे से रिक्त हुई राज्यसभा की सीट के लिए 20 दिसंबर को मतदान की अधिसूचना मंगलवार को जारी की गई। मतदान के बाद 20 दिसंबर को शाम को नतीजा भी घोषित कर दिया जाएगा। चुनाव आयोग की अधिसूचना के अनुसार 3 दिसंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। 10 दिसंबर को नामांकन की अंतिम तिथि है। इससे पहले जून में लोकसभा चुनाव में रोहतक सीट से कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा के चुने जाने से खाली हुई राज्यसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आई किरण चौधरी निर्विरोध चुनी गई थी। कांग्रेस ने संख्या बल न होने की दलील देते हुए प्रत्याशी ही नहीं उतारा था। कृष्णलाल पंवार ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद 14 अक्टूबर को राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद सीट रिक्त घोषित कर दी गई थी। जो भी सांसद चुना जाएगा, उसका कार्यकाल 1 अगस्त 2028 तक रहेगा। भाजपा की तरफ से राज्यसभा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल के पुत्र कुलदीप बिश्नोई, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, पूर्व सांसद संजय भाटिया, नाम इस खाली सीट के लिए दावेदारों में शामिल है।
कुलदीप विश्नोई 2022 में भाजपा में शामिल हुए थे। पूर्व में विधायक और सांसद रह चुके हैं। पत्नी और बेटा भी विधायक रह चुके हैं। हरियाणा और राजस्थान में बिश्नोई वोटरों पर असर है। भाजपा ने चुनाव में चुनाव अभियान समिति का प्रदेश संयोजक बनाया था। बेटे भव्य विश्नोई के पास भाजयुमो में पद है। इस आधार पर राज्यसभा सीट के लिए दावेदारी कर सकते है।सिरसा से 2019 में भाजपा के टिकट से लोकसभा सांसद चुनी गई सुनीता दुग्गल को 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने टिकट नहीं दिया। इसके बाद रतिया से विधानसभा चुनाव लड़ीं, लेकिन हार गईं। सुनीता दुग्गल राज्यसभा सीट की दावेदारी कर सकती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था। वह भाजपा का बड़ा ब्राह्मण चेहरा हैं। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में संगठन और सरकार को साथ लेकर अच्छा काम किया। सोनीपत से लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी बड़ौली को विधानसभा टिकट भाजपा की तरफ से प्रस्तावित किया गया था, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया।

**चुनाव की तैयारी**

▶▶ चुनाव आयोग की अधिसूचना के अनुसार 3 दिसंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी

## मुख्य सचिव ने अधिकारियों को करवाया संविधान की उद्देशिका का पाठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज यहां भारत के संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर संविधान की उद्देशिका का पाठ करवाया। उन्होंने कहा कि अधिकारी संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए नियमानुसार कार्य करें ताकि किसी के साथ भी अन्याय न हो। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने बताया कि बताया कि संविधान दिवस के मौके पर मेरा संविधान-मेरा स्वाभिमान नाम से एक अभियान चलाया जा रहा है।

**मूल्य**

▶▶ संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए नियमानुसार कार्य करें ताकि किसी के साथ भी अन्याय न हो

साल भर चलने वाली यह मुहिम चार केंद्रीय विषयों : संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जानें, संविधान का निर्माण और संविधान की महिमा का जश्न मनाना, के इर्द-गिर्द रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश का कोई भी नागरिक पोर्टल पर जाकर संविधान के विषय में अपने विचार या लेख अपलोड कर सकता है। उन्होंने हरियाणा सिविल सचिवालय के अधिकारी-कर्मचारियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे के माध्यम से निबंध लेखन में भाग ले सकते हैं। यहां से सर्टिफिकेट भी डाउनलोड किया जा सकता है। अवसर पर प्रदेश भर में हो रहे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों और अमृत सरोवरों पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जा रहा है।

## कंपनी से एल्यूमीनियम का सामान चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** चोरी के मामले में अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।
जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि थाना डबुआ में सब्बिर शेख निवासी नंगला ऐनक्लेव पार्ट-2 ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी कम्पनी एस.एस इंटरप्राइजेज गाजीपुर रोड पर है। उसकी कंपनी में एल्यूमीनियम इनगॉट बनता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह रात को 1 बजे ताला लगाकर घर चला गया था।

## डल्लेवाल की गिरफ्तारी के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल: पंजाब हरियाणा के दाता सिंह** बॉर्डर से मंगलवार सुबह किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की गिरफ्तार करने के विरोध में किसानों ने कैथल में प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय पहुंचकर नारेबाजी की। मंगलवार सुबह गिरफ्तारी के विरोध में हनुमान वाटिका में भारतीय किसान यूनियन के विभिन्न संगठनों के बैनर तले किसान जमा हुए। कन्वीनर महेंद्र सिंह रामगढ़ की अध्यक्षता में रोष मार्च का संचालन सयुक्त किसान मोर्चा के नेता जसबीर सिंह ने किया। किसानों ने करनाल रोड पर रोष मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि सरकार का यह तानाशाही रवैया है। प्रजातंत्र में सबको प्रदर्शन करने का अधिकार है। अगर सरकार ने उन्हें जल्द रिहा नहीं किया, तो संयुक्त किसान मोर्चा कोई बड़ा फैसला लेगा। किसान नेता कंवरजीत राज्य प्रधान, जसबीर सिंह, गुरनाम सिंह, सतपाल आनंद, सतपाल दिल्लोंवाली, ओम प्रकाश ढांडा ,सुखपाल, राजकुमार सारसा, बलबंत राय धनौरी, महेंद्र सिंह, नरेश रेहड़ा व सीटू के प्रधान प्रेम चंद ने रोष प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

## युवाओं को संविधान के बारे में होनी चाहिए जानकारी: गौरव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल एवं कानून और विधायी राज्य मंत्री हरियाणा सरकार गौरव गौतम ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह हम सब देशवासियों के लिए गर्व की बात है। हमारे युवाओं को संविधान के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। डा. भीमराव अंबेडकर ने देश के संविधान को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल एवं कानून और विधायी राज्य मंत्री हरियाणा सरकार गौरव गौतम मंगलवार को नेताजी




सुभाषचंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में 75वें संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि युवाओं सहित वहां उपस्थित सभी को संबोधित कर रहे थे। समारोह में 75वें संविधान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन का भी लाइव प्रसारण दिखाया व सुनाया गया। वहीं संविधान दिवस पर आधारित लघु फिल्म को भी लोगों के समक्ष प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। इससे पहले खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय उच्च विद्यालय सल्लागढ़ में स्थापित बाबा साहिब डा. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

**सशक्त**

▶▶ निकाली संविधान स्वाभिमान पदयात्रा- इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया संविधान समारोह

## किसान आंदोलन की चौथी बरसी पर मजदूरों व किसानों ने किया प्रदर्शन


**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद:** संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर मंगलवार को ऐतिहासिक किसान आंदोलन की चौथी बरसी एवं संविधान दिवस के अवसर पर किसान, मजदूरों नें शहर में चेतावनी प्रदर्शन किया।
प्रदर्शनकारियों ने लघु सचिवालय पहुंच कर उपायुक्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पहले किसान-मजदूर के नेहरू पार्क में एकत्रित हुए और जनसभा की। जिसकी अध्यक्षता सयुंक्त रूप से किसान सभा की नेता अनीता कर्मगढ़, किसान यूनियन से रामफल कंडेला, सतबीर खरल, आजाद आदि ने की। मजदूर व किसान ने बताया कि चार साल पहले आज ही के दिन लामबांदी के माध्यम से मजदूर विरोधी चार लेबर कोड के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की थी और किसानों ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ संसद की ओर ऐतिहासिक मार्च शुरू किया था। लंबे संघर्ष के बाद कृषि कानून वापस लिए जाने पर किसानों से किए गए वादे आजतक पूरे नहीं हुए हैं। श्रम की आउटसोर्स और ठेकाकरण की नीति खत्म हो। संगठित, असंगठित, स्कीम वर्कर्स और कृषि क्षेत्र के सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये मासिक व सामाजिक सुरक्षा लागू की जाए। किसानों व मजदूरों की कजार्मुक्ति हो। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों व सामाजिक सेवाओं का निजीकरण बंद होद्ध बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने बंद किए जाए। अंधाधुंध भूमि अधिग्रहण समाप्त हो।

**ज्ञापन सौंपा**

▶▶ प्रदर्शनकारियों ने लघु सचिवालय पहुंच कर उपायुक्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा

## देश वासियों को परिवार की तरह जोड़ता है संविधान: डा. कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद: डिप्टी** स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि यह हमारा संविधान ही है जो अलग-अलग धर्मों व जातियों की 140 करोड़ की आबादी को एक परिवार की तरह जोड़ता है। संविधान के तहत ही सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट सहित देश की सभी अदालतें, संसद, राज्यों के विधानमंडल, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित हम सभी संविधान के तहत ही काम करते हैं। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के डा. हरिचंद मिड्ढा ऑडिटोरियम में संविधान दिवस के उपलक्ष में आयोजित संविधान दिवस समारोह में बतौर मुख्यअतिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री ने बतौर विशिष्ट अतिथि



शिरकत की। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान, संविधान दिवस पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में मुख्यअतिथि द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संविधान के महत्व पर आधारित डोक्यूमेंटरी भी दिखाई गई। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि आज बहुत ही गर्व का दिन है। इस बार का संविधान दिवस बहुत की खास है। क्योंकि आज हमारे संविधान के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं और आज के दिन देश में अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। इसी संविधान के तहत हम सभी को पूरी आजादीए गरिमा और समानता के साथ जीने का अधिकार भी मिला हैं। संविधान की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष डा. भीमराव अंबेडकर थे। इसलिए उन्हें संविधान निमार्ता भी कहा जाता है। यह संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर पूरा हुआ और इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया और संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढावा देने के लिए हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। यह संविधान ही है जो हमें आजाद देश का आजाद नागरिक होने की भावना का अहसास करवाता है। उचाना से विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस नेक नियत से यह संविधान दिवस मनाने की शुरूआत की थी। उसका हम सभी को सम्मान करना चाहिए। देश का अच्छा और जिम्मेदार नागरिक बनने से न सिर्फ संविधान का मकसद पूरा होगा बल्कि संविधान बनाने वालों का सपना भी पूरा होगा। विधायक ने कहा कि संविधान को हम परमात्मा के रूप में पूजना चाहिए। क्योंकि हमारा देश इसी संविधान की बदौलत चलता है।

**पुरस्कृत**

▶▶ संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया

# 200 से अधिक विभूतियों को श्री कलीराम खिप्पल मेमोरियल अवार्ड से किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भारतीय सेना के पूर्व नायक श्री कली राम खिप्पल जी की पुण्यतिथि पर करनाल मानव सेवा संघ में राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और विद्यार्थियों को श्री कली राम खिप्पल छात्रवृति देकर प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा चंडीगढ़ के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे, जबकि जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र रोहतास वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। रेडक्रॉस सोसाइटी करनाल के सचिव कुलबीर सिंह मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। धर्मेंद्र वर्मा कमलेश वर्मा अति विशिष्ट अतिथि के रूप



में पधारे। स्वामी प्रेम मूर्ति ने आशीर्वचन दिया। माता मूर्ति देवी के आशीर्वाद से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक एवं हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। 173 बार रक्तदान और 85 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और एक-एक करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माता मूर्ति देव, निशा वर्मा, सुषमा वर्मा, विनोद कुमार वर्मा, अंजू वर्मा, गीता वर्मा, दिव्या वर्मा, अक्षय वर्मा इन्सां, पार्थ वर्मा, केशव वर्मा, नवीन वर्मा ने कार्यक्रम के संचालन में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के सह संयोजक विनोद कुमार वर्मा ने सबका स्वागत किया और कार्यक्रम संचालन में विशेष योगदान दिया।

**प्रोत्साहित**

**स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और विद्यार्थियों को श्री कली राम खिप्पल छात्रवृति देकर प्रोत्साहित किया**

मुख्यातिथि पधारे डॉ. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि सेना में रह चुके श्री कली राम खिप्पल की पुण्यतिथि पर राष्ट्र स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही सराहनीय कार्य है।

उन्होंने कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि निरतंर 15 वर्षों से वे अपने पिता श्री कली राम खिप्पल की पुण्यतिथि पर समाज के प्रति सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाना बहुत ही उत्तम और श्रेष्ट कार्य है।

जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने कहा कि रक्तदान पुण्य का कार्य है। सचिव कुलबीर सिंह मलिक ने कहा कि मानव सेवा सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों से 200 से अधिक प्रतिभाओं और समाज सेवियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे आगे बढ़े और पढ़े, इसीलिए श्री कली राम खिप्पल छात्रवृति देकर कुंजपुरा, घीड़ और चोरपुरा के 5 विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। चाहत स्टूडियो के स्वामी विनोद कुमार वर्मा द्वारा कार्यक्रम में फोटोग्राफी की गयी और सबको निशुल्क फोटो दी। शिविर में 49 से अधिक रक्त संगृहीत हुआ।

## घरौंडा व गुढ़ा में टकराई बाइकें, एक सवार की टूटी टांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** कस्बा घरौंडा में फुरलक रोड पर एक बाइक ने दूसरी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। आगे चल रही बाइक का सवार घायल हुआ है। उसकी टांग की हड्डी टूटी है। इसके अलावा गुढा गांव के पास भी एक युवक को बाइक ने टक्कर मारी। उसे पानीपत अस्पताल ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी अनुसार गांव उपली निवासी 23 वर्षीय दीपक कुमार अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर घरौंडा से उपली जा रहा था। फुरलक रोड पर भा कालोनी के पास सडक पर स्पीड ब्रेकर को देखकर दीपक ने ब्रेक लगा दिए। पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने दीपक की बाइक को पीछे से टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त दी कि बाइक सवार सडक पर जा गिरे।

## शिकायतों का मौके पर ही किया जा रहा समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार करनाल में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक कार्यदिवस पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए।

उपायुक्त ने बताया कि करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में क्रिड से संबंधित 2 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इसी प्रकार से उपमंडल इंद्री में क्रिड से संबंधित 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका भी मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

घरौंडा उपमंडल में क्रिड से संबंधित 4 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। असंध उपमंडल में एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसका जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा।

**न्यूज फ्लैश**

## 26/11 के शहीदों को एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा मुंबई आतंकवादी हमले 26/11 के शहीदों को राष्ट्रीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पदाधिकारियों ने मोन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्टेट चीफ डायरेक्टर हरियाणा सुरेन्द्र मोहन गाबा ने ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी, जो शहीद हुए है उनकी जरा याद करो कुबार्नी गीत गाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आतंकवादियों का मुकाबला करके हजारों लोगों की जान बचाते हुए शहीद हुए पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से नमन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हुए फाउंडेशन के पदाधिकारियों को नैशनल सुप्रीमों नरेंद्र अरोड़ा द्वारा तिरंगा वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि आतंकवाद समूची मानव सभ्यता के लिए कलंक है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 2008 में मुंबई में कायर आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की हत्या कर मानवता को शर्मसार किया था। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले मां भारती के वीर सपूतों को सदैव नमन रहेगा और उनका अदम्य साहस और बलिदान सभी हिन्दुस्तानियों को राष्ट्र की सेवा ओर सुरक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि मुंबई आतंकवादी हमले में 166 निर्दोष हिन्दुस्तानी लोग मारे गए थे और सैकड़ों घायल हुए थे। भारतीय सुरक्षाबलों और पुलिस ने अपनी जान की बाजी लगाकर हमलावर आतंकवादियों को मार गिराया था। जिंदा पकड़े हुए एकमात्र आतंकवादी कसाब को 21 नवंबर 2012 को फांसी दी गई थी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ.निशा गुप्ता, सतीश मल्होत्रा, अजीत राही, सुरेन्द्र मोहन गाबा, विजय पाल भाटिया, हरीश वधावन, देवेंद्र कुमार अरोड़ा, के पी अग्रवाल, प्रधान शाम कपूर, कर्म सिंह लांगयान, रमा तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान व स्पर्श जागरूकता के लिए लगाया गया शिविर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सहायक सीडीए ओमदत्त शर्मा के नेतृत्व में सीडीए दिल्ली छावनी की टीम ने मंगलवार को जिला सैनिक व अर्ध सैनिक कल्याण विभाग के परिसर में शिविर लगाकर पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान व स्पर्श जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। शिविर में ओमदत्त शर्मा व उनकी टीम में शामिल सहायक लेखा अधिकारी अनिल कुमार, भगवान मीना, संजीत और स्पर्श सेवा केन्द्र करनाल के कर्मचारियों ने स्पर्श पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रित परिवार जनों, पेंशनरों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शिविर में उपस्थित पेन्शनरों के मोबाइल फोन पर स्पर्श पोर्टल व जीवन प्रमाण को ऑपरेट करने की जानकारी दी।

इस मौके पर कमाडिंग अधिकारी 7 बटालियन एनसीसी कर्नल केके वेंकटरमन, सेवानिवृत्त, प्रभारी अधिकारी ईसीएचएस करनाल ले. कर्नल कुलदीप वशिष्ट व जिला सैनिक व अर्ध सैनिक कल्याण विभाग से कल्याण व्यवस्थापक मुकेश कुमार व अनिल कथूरिया, प्रवीन काजल, कुलदीप सांगवान, व सतपाल जी, वेटरन सैल करनाल उपस्थित रहे।

## एमएसपी की कानूनी गारंटी को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियन के सैकड़ों कर्मचारियों ने सडकों पर उतरकर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन गांधी चौक से शुरू हुआ और जिला सचिवालय तक चला। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को ज्ञापन सौपा। कर्मचारी संगठन के नेताओं की माने तो संविधान दिवस के साथ साथ आज किसान आंदोलन की चौथी साल गिराह है और 4 साल बीतने के बावजूद भी सरकार ने किसानों की लंबित मांगों को पूरा नहीं किया। जिससे कर्मचारियों में रोष है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर, ओप्रकाश भट्ट, जगपाल राणा, गुलजार सिंह ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर पूरे देश में प्रदर्शन कर रहे हैं। 4 साल हो चुके है, लेकिन सरकार आज तक न तो एमएसपी की मांग को पूरा कर सकी है, न ही निजीकरण पर रोक लगा पाई है, बिजली बिल 2022-23 का रद्द किए जाने की बात भी सरकार पूरी नहीं कर सकी।

## संगीत सुनने से रिलेक्स मोड़ में आता है हमारा दिमाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** चाहत म्युजिकल ग्रुप द्वारा स्थानीय अटल पार्क में एक गीतों भरी शाम का आयोजन किया गया, जिसमें संगीत प्रेमियों ने गीत गाकर अपनी प्रस्तुति देते हुए अपनी संगीत की कला का प्रदर्शन किया। चाहत म्युजिकल ग्रुप की टीम मैनेजर किरण चड्ढा ने बताया कि हमारे द्वारा ऐसी प्रतिभाओं को मौका दिया जाता है जो गीत गाना तो चाहते हैं, मगर उनके पास कोई ऐसा प्लेटफार्म नहीं होता, जहां वह अपनी संगीत की कला का प्रदर्शन कर सकें। आज संगीत कला को प्रोत्साहित करने के लिए,भारत में संगीत की विरासत



को आगे बढ़ाने और विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब संगीत सुनते हैं तो हमारा दिमाग रिलेक्स मोड के अंदर आता है। हमारे दिमाग मे नई एनर्जी का संचार होता है। चाहत म्युजिकल ग्रुप के ओर्गनाईजर विनोद वर्मा ने बताया कि वह पिछले काफी समय से अपने इस ग्रुप के साथ संगीत प्रेमियों को जोड ? का काम कर रहे हैं। चाहत म्युजिकल ग्रुप द्वारा हर रविवार शाम को पिछले काफी समय से संगीत-प्रेमियों के लिए इस खुले मंच का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कोई भी आकर भाग ले सकता है। चाहत म्युजिकल ग्रुप द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाले गायकों को सम्मानित भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि संगीत में व्यक्ति को भावनात्मक और मानसिक रूप से स्वस्थ करने के बहुत अच्छे गुण होते हैं। संगीत ध्यान का एक रूप है। संगीत बनाते या सुनते समय व्यक्ति अपनी सारी चिंताएँ, दुख और दर्द भूल जाता है।

**सुरीले गीत**

**संगीत सुनने से सारी चिंताएं होती हैं दूर, अटल पार्क में चाहत म्युजिकल ग्रुप ने किया गीतों भरी शाम का आयोजन**

## छात्रा को किडनैप कर शादी की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल की एक कॉलेज छात्रा को किडनैप कर जबरन कोर्ट मैरिज की कोशिश की गई है। कॉलेज छात्रा को घर से बाहर लाने के लिए आरोपी ने बड़ी साजिश रची। उसने अपनी दो फीमेल फ्रेंड्स को छात्रा के घर भेजा। ये युवतियों बर्थडे पार्टी का झांसा देकर छात्रा को घर से लाई थीं। इसके बाद आरोपी और उसकी सहयोगी युवतियां छात्रा को जबरदस्ती गाड़ी में डालकर कोर्ट ले गई। वहां जबरन मैरिज रजिस्ट्रेशन के डॉक्यूमेंट पर साइन करवाने लगे तो छात्रा ने हल्ला मचा दिया। शोर सुनकर अन्य वकील मौके पर जमा हो गए। इन्हें देख आरोपी मौके से फरार हो गए। छात्रा ने एसपी को शिकायत दी है। इसके बाद



पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार करनाल की एक कॉलोनी में रहने वाली छात्रा प्राइवेट कॉलेज में पढ़ती है। छात्रा ने पुलिस को बताया है कि आरोपी युवक उसे 5-6 दिनों से लगातार परेशान कर रहा था। वह उसका पीछा करता और कॉलेज के बाहर तंग करता था। छात्रा ने बताया है कि 22 नवंबर को वह घर पर थी। इसी दौरान आरोपी युवक ने उसके घर अपनी 2 दोस्तों को भेजा। वह उनमें से एक को जानती थी। उस लडकी ने छात्रा से कहा कि आज मेरा जन्मदिन है। चल तुझे पार्टी दूंगी। छात्रा ने बताया कि वह लड़कियों की साजिश से वाकिफ नहीं थी, इसलिए वह उनके साथ चल दी।

## अपंजीकृत संस्थाओं द्वारा अनाथ बच्चों को रखना गैरकानूनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निदेर्शों की अनुपालना दृढ़ता से की जा रही है। अपंजीकृत संस्थाओं के लिए अनाथ, यतीम व जरूरतमंद बच्चों को रखना गैरकानूनी है तथा किशोर न्याय अधिनियम 2015 की उल्लंघना है। अगर कोई अपंजीकृत सामाजिक संस्था अनाथ व यतीम बच्चों को रख रही है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## 5757 रेहड़ी वालों की हो चुकी सामाजिक-आर्थिक प्रोफाईलिंग



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** रेहड़ी-फड़ी संचालकों को केन्द्र सरकार की विभिन्न स्कीमों का लाभ देने के लिए करनाल नगर निगम व जिला के सभी नगर पालिकाओं में स्वनिधि भी-स्वाभिमान भी पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जो 2 दिसंबर तक चलेगा। पखवाड़ा को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में जिला नगर आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने इससे सम्बंधित टीम को अधिक से अधिक रेहड़ी-फड़ी वालों की सामाजिक-आर्थिक प्रोफाईलिंग करने व आउटपुट दिखाने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, नगरीय परियोजना अधिकारी प्रवीन चुग तथा उनकी टीम के सदस्य मौजूद रहे। जिला नगर आयुक्त ने बताया कि पखवाड़ा में स्ट्रीट वैंडरों को पहले से स्वीकृत ऋण का शीघ्र वितरण करना, सामाजिक-आर्थिक प्रोफाईलिंग और योजना अनुमोदिन में लंबित मामलों का समाधान करना तथा सम्बंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी और लक्षित आईईसी अभियान के माध्यम से कार्यक्रम की पहंच को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि इन उद्देश्यों से पीएम-स्वनिधि योजना की प्रगति को ओर तेजी मिलेगी।

शहर में नेहरू पैलेस कार्यालय में चल रहा पखवाड़ा- उन्होंने बताया कि करनाल शहर में यह पखवाड़ा नेहरू पैलेस स्थित नगरीय परियोजना अधिकारी कार्यालय में लगाया जा रहा है। केन्द्र सरकार की योजनाओं से सम्बंधित दूसरे विभागों व बैंकों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहते हैं, ताकि उन्हें मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ देने के बाद उसे पोर्टल पर अपलोड करें, ताकि प्रगति दिखाई दे।

**पखवाड़ा**

**इनके परिवार के 13311 सदस्यों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का दिया जा रहा लाभ : डॉ. वैशाली**

## 'अंबेडकर के अंत्योदय के सिद्धांत पर बढ़ रहे पीएम'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि डॉ आंबेडकर के अंत्योदय के सिद्वांत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी क्रियान्वित करते हुए देश-प्रदेश को विकास पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं। वे मंगलवार को संविधान दिवस पर संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करने के अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे।

संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सदैव दलित-गरीब उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। डा. अंबेडकर की शिक्षा व संदेश का अनुसरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने में जुटे हैं। इसमें अंत्योदय बहुत आवश्यक है, जिसके लिए उन्होंने गरीब वर्ग को स्टार्टअप शुरू करने के लिए दो करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करने की योजना शुरू की है। वे भारत को विश्वगुरू बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस दिशा में सबको योगदान देना चाहिए। हमें देश को पुन: विश्व गुरु बनाने के लिए एकजुटता के साथ आगे बढ़ते हुए हर प्रकार के भेदभाव को मिटाना होगा। सुभाष चंद्र ने कहा की बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने भी सर्वसमाज के कल्याण के लिए काम किया। वे मात्र दलित नेता नहीं अपितु देश की 135 करोड़ जनता के नेता थे। इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री मोदी भी विकास पथ पर अग्रसर हैं। उन्होंनें अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों के खिलाफ मजबूती से खड़े होने की क्षमता और आत्मविश्वास के साथ संघर्ष के सिद्धांत और अध्ययन को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया और समाज के कमजोर वर्गों जैसे एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी अल्पसंख्यकों व अन्य लाखों गरीब लोगों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर द्वारा दिए गए तीन संदेशों संगठित, संघर्ष व ज्ञान प्राप्ति की चर्चा करते हुए भाजपा नेता एडवोकेट अशोक कुरलन ने कहा कि इनको आत्मसात करते हुए ही हमे भी जीवन में आगे बढना चाहिए।

**कल्याण**

**बाबा साहब ने सदैव दलित-गरीब उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया**

## गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार सिक्योरिटी इंचार्ज की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में एक गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार में 40 वर्षीय सिक्योरिटी इंचार्ज की मौत हो गई। मृतक की पहचान सचिन के रूप में हुई है, वह करनाल की महावीर कालोनी का रहने वाला था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के मोर्चरी हाउस में भेज दिया।

आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई धमेंद्र सिंह ने




बताया कि उसका भाई सचिन कुटेल के पास एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी इंचार्ज का काम करता था। ड्यूटी खत्म होने के बाद वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था। करीब 9 बजे वह घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर ही था। मुनक रोड पर कल्पना चावला द्वार से करीब 300 मीटर दूरी पर एक गाड़ी ने सचिन की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सचिन ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। गंभीर हालत में सचिन को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मधुबन थाना के एसएचओ गौरव पुनिया ने बताया कि पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## संविधान राष्ट्र को चलाने वाला ग्रंथ है : हरविंद्र कल्याण

### करनाल के मंगल सेन सभागार में आयोजित किया गया संविधान दिवस समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के मंगल सेन सभागार में मंगलवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद व असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने शिरकत की। दीप प्रज्जवलन के साथ विधिवत रूप से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पश्चात स्कूल के विद्यार्थियों ने संविधान दिवस से जुड़े गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष




हरविंद्र कल्याण ने कहा कि संविधान मात्र एक पुस्तक नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र को चलाने वाला ग्रंथ है। भारतीय संविधान को सुप्रीम लॉ भी कहते हैं। इसी के अंतर्गत सभी कानून बनाए जाते हैं। संविधान को सुप्रीम लॉ इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह लोगों द्वारा ही बनाया गया है और लोगों को ही अर्पित किया गया है। लोकतंत्र की तीनों शाखाएं विधानपालिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका व संवैधानिक संस्थाएं, सभी संविधान के अनुसार चलते हैं।

उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ तो बहुत बड़ा मुद्दा था कि कैसे संविधान बने। संविधान जब बना तो आसानी से नहीं बना बल्कि एक जटिल प्रक्रिया रही है। संविधान सभा ने 9 दिसंबर 1946 से लेकर 26 नवंबर 1949 तक काम किया। इस दौरान 11 सैशन हुए, 165 बैठके हुई और लगभग तीन साल इस प्रक्रिया को पूरा करने में लगे। ड्राफ्टिंग कमेटी बनाई गई। ड्राफ्ट पर 114 दिनों तक कार्य हुआ।

**संविधान को बनाने से पहले दूसरे बहुत से देशों के संविधान व कानूनों का अध्ययन किया:** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हमारे संविधान को बनाने से पहले दूसरे बहुत से देशों के संविधान व कानूनों का अध्ययन किया गया। इस सारी प्रक्रिया के बाद हमारे देश का संविधान तैयार हुआ। 26 नवंबर 1949 में आज ही के दिन संविधान के बहुत से अनुच्छेद लागू हो गए थे लेकिन पूर्ण संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान का प्रत्येक शब्द हम सभी को और सभी राज्यों को एक सूत्र में पिरोने वाला है। संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्रदान करता है। समानता को सबसे ऊपर रखा गया है। आज भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार है।

**सुप्रीम लॉ**

**समानता को सबसे ऊपर रखा गया है। आज भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार ह**

## संपादकीय

# उच्च शिक्षा की परम्परा और प्रयोग

**भारत में** उच्च शिक्षा का बड़ा समृद्ध प्राचीन इतिहास है जहां नालंदा, विक्रमशिला, ओदंतपुरी और तक्षशिला आदि कई विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों की श्रृंखला थी, जहां अनेक विषयों का अध्यापन और अनुसंधान किया जाता था। ये सभी संस्थान समाज द्वारा पोषित किंतु व्यवस्था की दृष्टि से स्वायत्त थे। यहां के प्राध्यापक अपने विषयों के प्रामाणिक विद्वान थे और उनकी उपलब्ध कृतियां उनकी प्रतिभा और बुद्धि का कायल बनाती हैं। वैदिक ज्ञान परम्परा से जो धारा प्रवाहित हुई वह काल क्रम में ज्ञान की साधना को दिशा देती रही। इसका प्रमाण ज्ञान का प्रतिमान स्वरूप अष्टाध्यायी, योगसूत्र, नाट्यशास्त्र, चरक संहिता, अर्थशास्त्र, कामसूत्र और सूर्य सिद्धांत आदि अनेकानेक ग्रंथों में उपलब्ध होता है। दर्शन, धर्मशास्त्र, गणित, धातु-विद्या, साहित्य और कला आदि के क्षेत्रों में प्रचुर सामग्री आज भी उपलब्ध है। यह निश्चित है कि अध्ययन का क्षेत्र अत्यंत व्यापक था और वह कोरा सैद्धांतिक न होकर जीवन से जुड़ा होता था। वह शिक्षा विद्यार्थी को व्यवसायों के लिए तैयार करती थी। ज्ञान की यह परम्परा विकसित होती रही, उन पर चर्चा, खंडनझ्रमंडन और टीका-टिप्पणी का भी अवसर बना रहा। यदि ज्ञान की शास्त्रीयता बहुलतामूलक थी तो बहुज्ञता शास्त्र जानने वाली की प्रवीणता या दक्षता की कसौटी थी। भर्तृहरि के शब्दों में ह्यसिर्फ अपनी ही ज्ञान-परम्परा का ज्ञान अपर्याप्त होता हैह्न। विचारों और सिद्धांतों में पर्याप्त विविधता थी और ज्ञान की प्रामाणिकता उसके प्रयोग से जांची-परखी जाती रही। कुशलता और दक्षता को बढ़ावा दिया जाना प्रमुख सरोकार था। ज्ञान-विज्ञान के अर्जन को अवलोकन तथा तर्क की सहायता से आगे बढ़ाने का प्रयास ज्ञान की यात्रा की मुख्य विशेषता के रूप में उभरती है। सिद्धांतों को यथार्थ की ओर उन्मुख एक आलोचक दृष्टि द्वारा सतत प्रमाणित किया जाता रहा। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य जीवन के क्लेशों से पार पाना था। विद्यार्जन का कार्य सभी तरह की समस्याओं का समाधान करने वाले उपाय के रूप में स्थापित हुआ। मनुष्य का सर्वतोमुखी विकास इस शिक्षा का उद्देश्य था। शिक्षा मूल्य-सृजनका माध्यम थी। भारतीय परंपरा में शिक्षा को सामाजिक जीवन से जोड़े रखने को प्राथमिकता दी गई थी। शिक्षा और दीक्षा के द्वारा शास्त्र तथा लोक दोनों को पुष्ट किया जाता रहा और दोनों एक दूसरे को प्रभावित करते रहे । शिक्षा की चर्या कैसे हो इस पर भी वैदिक काल से ही चिंतन-मनन होता रहा। ज्ञान को आत्मसात करना और दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाना ही आचार्य और उपाध्याय का मुख्य कार्य होता था। अध्यापक का प्रवचन यदि 'संधान' था तो गुरु (पूर्वपक्ष) तथा शिष्य (उत्तरपक्ष) के बीच विद्याविषयक सम्बन्ध को 'संधि' कहा गया। ज्ञान की सामाजिक भूमिका थी तो ज्ञानसृजन भी समाज की आशा-आकांक्षा के प्रति संवेदनशील था। अपने व्यापक अर्थ में दोनों का संचालन 'धर्म' की परिधि में करने पर जोर दिया गया। इसे जीवन-विस्तार और समाज में स्थापित किया जाता रहा । विभिन्न शास्त्रों, विद्याओं और कला-कौशलों का विस्तार आज भी विभिन्न ग्रंथों या टेक्स्ट में उपलब्ध है जो यह बताने के लिए पर्याप्त आधार प्रदान करता है कि भौतिक जगत, सामाजिक व्यवहार और आध्यात्मिक अनुभव सभी दृष्टियों से ज्ञान के उद्घाटन का प्रयास मुख्य है।

# संभल मस्जिद विवाद की हिंसा पर उठते सवाल

**मनोज कुमार अग्रवाल**

> "यूपी पुलिस ताबड़तोड़ एक्शन करती नजर आ रही है। अब पुलिस ने शाही जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष जफर अली को हिरासत में ले लिया है। जफर अली ने ही प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संभल डीएम को रविवार को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था। जफर अली को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। संभल जिले में हुई हिंसा के बाद से पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। पुलिस ने अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया है और 2500 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ड्रोन के फुटेज से उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। इस बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में हिंसा जानबूझकर भड़काई गई है। वहीं सपा के सांसद पर भी एफआईआर दर्ज की गई है। संभल के विधायक के बेटे पर भी दंगा भड़काने का आरोप लगा है"

**संभल की** स्थानीय अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे शुरू होते ही लोग उग्र हो उठे। मस्जिद के बाहर भीड़ ने जमकर पथराव किया व पुलिसकर्मियों के वाहन जला दिए। उपद्रवियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को गोलियां चलानी पड़ी। आमने-सामने की फायरिंग में चार लोगों की मौत हुई।

इस हिंसा के बाद अब सवाल उठने लगे हैं कि कौन लोग हैं जो अदालत के आदेश पर अमल करने में बाधा उत्पन्न करना अपना अधिकार समझते हैं और सीधे पुलिस से टकराने के लिए पत्थरबाजी, गोलीबारी और आगजनी की तैयारी रखते हैं। संभल में पुलिस पर बरसाए गए सात ट्राली ईंट के टुकड़े चीख चीख कर कह रहे हैं कि देश के भीतर आतंक फैलाने की साजिश और तैयारी जारी है। आखिर ये सात ट्राली ईंट के टुकड़े (करीब सात हजार पांच सौ ईंट) कहाँ और क्यों जमा कर रखीं गयीं थीं?

रिपोर्ट्स के अनुसार पथराव में एसडीएम, सीओ, एसपी के पीआरओ समेत 30 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हैं। डेढ़ दर्जन उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। संभल बाजार बंद है । अफवाहें रोकने के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। कमिश्नर व डीआईजी संभल में ही कैंप किए हुए हैं। कमिश्नर के अनुसार नखासा क्षेत्र में भी पथराव हुआ। वहां से महिलाओं व कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन (अयोध्या मामले के चर्चित वकील ) ने 19 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में पेश किया था। अदालत ने सर्वे कराने का आदेश दिया था। उस दिन वीडियोग्राफी के बाद टीम चली गई थी। दूसरे चरण का सर्वे करने रविवार सुबह सात बजे एडवोकेट कमिश्नर रमेश राघव एवं अधिवक्ता विष्णु जैन व अन्य मस्जिद में पहुंचे। क्षेत्र की नाकेबंदी कर एडवोकेट कमिश्नर डीएम और एसपी की मौजूदगी में मस्जिद की वीडियोग्राफी करा ही रहे थे कि बाहर भीड़ जुटने लगी। कुछ लोगों ने मस्जिद में घुसने का प्रयास किया। पुलिस के रोकने पर हालात बेकाबू हो गए। साढ़े आठ बजे भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। पुलिस बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ने लगी ।तभी भीड़ में से फायरिंग होने लगी। उपद्रवियों ने धार्मिक नारे लगाकर एक एसएचओ की कार व दो



एसएचओ की मोटरसाइकिल समेत कई वाहन जला दिए। इसके बाद पुलिस फोर्स और भीड़ आमने-सामने आ गई। रबर बुलेट,आंसू गैस के गोले छोड़ने पर भी हालात काबू में नहीं आए तब पुलिस ने भी फायरिंग की। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार के अनुसार पुलिस पत्थरबाजी करने वालों की पहचान कर रही है। आरोपितों की पहचान के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं डीएम ने जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है।

संभल हिंसा मामले में डीएम राजेंद्र पेंसिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जामा मस्जिद के सदर जफर अली साहब का भ्रामक बयान आया इसलिए हमें पीसी करनी पड़ी। उनके बयानों की डिटेलिंग हो रही है। एसपी बिश्नोई ने कहा कि जफर साहब को ना हिरासत में लिया गया , ना ही अरेस्ट किया गया । इस मामले में लगातार अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराने के बयान सामने आ रहे हैं। अब जामा मस्जिद सदर के वकील जफर अहमद ने कहा कि पुलिस ने गाड़ियां जलाई थीं। एसडीएम ने जबरदस्ती हौद का पानी खुलवाया। जफर ने कहा कि, लोग समझे मंदिर में खुदाई हो रही है। इतना ही नहीं बल्कि जफर अहमद ने उपद्रव में मारे गए युवकों को शहीद तक कह डाला। साथ ही परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की है। उनका आरोप है कि पूरा घटनाक्रम पुलिस प्रशासन का प्रायोजित प्रोग्राम था। संभल में मस्जिद के बाहर हुई हिंसा के मामले में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत समाजवादी पार्टी के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की है। जिसमें उन्होंने मामले की जांच की बात की है।

यूपी पुलिस ताबड़तोड़ एक्शन करती नजर आ रही है। अब पुलिस ने शाही जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष जफर अली को हिरासत में ले लिया है। जफर अली ने ही प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संभल डीएम को रविवार को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था। जफर अली को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। संभल जिले में हुई हिंसा के बाद से पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। पुलिस ने अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया है और 2500 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ड्रोन के फुटेज से उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। इस बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में हिंसा जानबूझकर भड़काई गई है। वहीं सपा के सांसद पर भी एफआईआर दर्ज की गई है। संभल के विधायक के बेटे पर भी दंगा भड़काने का आरोप लगा है।

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा के मामले में चार एफआईआर दर्ज की गई है और 25 लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिंसा के दोषियों के खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी। इलाके में हिंसा का असर भी देखने को मिल रहा है। शहर में एक-दो दुकानें ही खुली हुई हैं । एहतियात के तौर पर जिले में इंटरनेट सेवा ठप कर दी गई है। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुए बवाल को लेकर पुलिस अब सख्त कार्रवाई कर रही है । पुलिस ने दो महिलाओं सहित 21 लोगों को हिरासत में ले लिया है। वहीं एहतियात के तौर पर जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है । स्कूल-कॉलेजों को भी बंद कर दिया गया है। जिले में भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है । संभल के आसपास के जिलों में भी सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। इस घटना में तीन युवकों की मौत हो गई । मृतकों की पहचान नईम और बिलाल के रूप में की गई है। बरेली, अमरोहा, रामपुर और मुरादाबाद में भी पुलिस की तैनाती की गई है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व अन्य विपक्षी दल इस स्थिति के लिए सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं। मुस्लिम धर्म गुरू और नेता भी प्रदेश की सरकार पर ही निशाना साध रहे हैं। विपक्षी दलों के नेताओं को पता है कि पुलिस या प्रशासन जो कुछ कर रहा है वह न्यायालय के आदेश पर कर रहा है। इसका प्रदेश की सरकार का प्रत्यक्ष रूप से कोई लेना देना नहीं है। लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति के कारण उपद्रवियों को अप्रत्यक्ष समर्थन दिया जा रहा है।

देश संविधान द्वारा स्थापित कानून व्यवस्था के अन्तर्गत चल रहा है। यह बात सभी नेताओं सहित आम जन को समझनी होगी। अगर किसी को लगता है कि कुछ गलत है तो उसे न्यायालय में चुनौती देनी चाहिए न कि बवाल करना चाहिए। वैसे अदालत के आदेश को अदालत में ही चुनौती दी जानी चाहिए। सड़कों पर उतरना और पत्थरबाजी करना, पुलिस से दो-दो हाथ करना गलत है। जिन परिवारों के बच्चे भावनाएं भड़काए जाने के कारण अपना जीवन खो बैठे हैं उन परिवारों की स्थिति शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

कानून को अपने हाथ लेने की प्रवृत्ति को रोकने का काम समाज व सरकार दोनों को मिलकर करना चाहिए। बवाल करना देशहित में नहीं। सबका साथ सबका विकास के थीम पर चलने वाली केंद्र व राज्य सरकार को अल्पसंख्यकों का भरोसा और विश्वास बनाए रखना भी जरूरी है। कहीं न कहीं प्रशासन की चूक रही कि उसने एक संवेदनशील कार्रवाई से पहले पर्याप्त एहतियाती इंतजाम नहीं किए। यदि सरकार पहले से एहतियात बरतती तो संभल में टकराव की स्थिति नहीं बनती। सवाल उठता है कि क्या प्रशासन को सर्वे से पहले मस्जिद पक्ष को विश्वास में नहीं लेना चाहिए था? क्या कुछ लोग दंगा कर सरकार को मुस्लिम विरोधी बताने की साजिश रच रहे थे?

## कविता

**गीत- महतारी भाखा**

झन करव तुमन संगी, लाज सरम जी।
छत्तीसगढ़ी बोली भाखा, हमर करम जी।।

कला संस्कृति के सुग्घर, भरे भंडार हे।
साहित्य के भाषा इहाँ, हवय बड़ा सार हे।
स्कूल कालेज मा जी, भाखा पढ़ावत हे।
पुरखा सियान गा येला, आघू बढ़ावत हे।
पढ़व लिखव छत्तीसगढ़ी, धरके कलम जी....
झन करव तुमन संगी, लाज सरम जी।।

भाखा बड़ा नीक लागे, गुरतुर रस बोली मा।
सबो झन बउरव येला, हाँसी ठिठोली मा।
नान्हे-नान्हे लइका ला, भाखा सिखोवव गा।
अवइया पीढ़ी मन बर, येला सिलहोवव गा ।
रद्दा चतवार के राखव, होवय झन भरम जी...
झन करव तुमन संगी, लाज सरम जी ।।

चाहे तुमन कहूँ राहव, येला झन भूलाहू गा।
मिलहू जब एक दूसर ले, येमा गोठियाहू गा।
राखव तुमन मान संगी, भाखा महतारी के।
करलव जतन मिलके, हमर चिन्हारी के।
तभे भाखा पोठ होही, हमर धरम जी...
झन करव तुमन संगी, लाज सरम जी।।

राजकुमार

## स्माइल, सेल्फी और हरियाली का खेल

**डॉ. सुरेश**

**हर साल** की तरह इस साल भी 'महानगर का महोत्सव' बड़े धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव का यह वार्षिक आयोजन प्रशासन के अद्वितीय प्रयासों का प्रतीक माना जाता है, क्योंकि इसमें आम जनता को बताया जाता है कि 'हम' कितने संवेदनशील हैं और आप सब कितने 'विनम्र' हैं। आयोजन का मुख्य विषय था झ "सफाई हमारे हाथों में है," और यह सुनिश्चित करना था कि गंदगी पर कुछ तो नियंत्रण रखा जा सके, भले ही बस पोस्टरों पर ही क्यों न हो। इस बार कार्यक्रम का उद्घाटन करने के लिए मंत्री महोदय स्वयं उपस्थित हुए थे, जो इस अवसर पर गंगा जल लेकर 'स्वच्छता की कसम' लेने को तैयार थे।

मंच सजाया गया था, सफेद गुलाबों और कृत्रिम पौधों से झ क्योंकि असली पौधों में पानी देने का झंझट न हो, इसलिये नकली ही ठीक। मंच के पीछे एक बड़े बैनर पर लिखा था, "देश स्वच्छ हो रहा है लेकिन धीरे-धीरे," मानो किसी फिल्म का नाम हो। कार्यक्रम की शुरूआत 'स्वच्छता प्रतिज्ञा' से हुई, जिसमें सभी सरकारी कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई गई कि वे हर साल एक बार झाड़ू लेकर फोटो खिंचवाएंगे और उसे सोशल मीडिया पर डालकर अपने कर्तव्य का निर्वाह करेंगे। इस प्रतिज्ञा में एक लाइन यह भी जोड़ी गई थी कि वे झाड़ू पकड़ने की ट्रेनिंग भी लेंगे, ताकि 'सही कोण से झाड़ू कैसे पकड़ा जाए,' यह वे समझ सकें। इसके बाद मंत्री महोदय का भाषण हुआ। उन्होंने माइक के सामने खड़े होकर, वैसे तो खुद से, परंतु मानो जनता से संवाद कर रहे हों, बोलना शुरू किया झ "हमें सफाई के प्रति गंभीर होना चाहिए। देश को स्वच्छ बनाना हमारी जिम्मेदारी है, पर हम यह अकेले नहीं कर सकते। जनता को आगे आना होगा। आपको समझना होगा कि यह आपके ही लिए है।" इस बीच वह इधर-उधर देख रहे थे, जैसे किसी गुमशुदा दर्शक को ढूंढ रहे हों। फिर माइक से कुछ दूरी पर खड़े उनके सहायक ने धीरे से याद दिलाया, "सर, कैमरा यहाँ है।" मंत्री महोदय तुरंत मुस्कुराए और कैमरे की ओर निहारते हुए कहा, "हमें अपने बच्चों के लिए स्वच्छ भविष्य छोड़ना है। यह एक महान कार्य है।" भाषण खत्म होते ही माइक के पास खड़ी टीम ने तुरंत तालियां बजाईं, ताकि उनकी गंभीरता का आभास होता रहे। इसके बाद 'स्वच्छता कर्मवीरों' को सम्मानित करने का दौर आया। अब इन्हीं कर्मवीरों में वह सफाई कर्मचारी शामिल थे, जो सालभर सिर्फ तभी दिखते हैं जब कोई वीआईपी दौरा हो। इन कर्मवीरों को स्मृति-चिह्न और एक जोड़ी सफेद दस्ताने प्रदान किए गए। उनके चेहरों पर हंसी और घबराहट का अजीब सा मिश्रण था। इनमें से एक कर्मवीर ने पूछ लिया, "साहब, ये दस्ताने हर साल मिलते हैं, क्या कभी सफाई के उपकरण भी मिलेंगे?" इस सवाल का जवाब मंत्री महोदय ने नहीं दिया; वह तब तक प्रेस से घिरे हुए थे और अपनी तस्वीरें खिंचवा रहे थे।

## विचार

# प्रदूषण में बालों की देखभाल

**शहनाज हुसैन**

**पिछले कुछ** दिनों से देश में बढ़ते प्रदूषण की बजह से खांसी और सांस से जुडी अनेक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं खड़ी हो गई हैं जिससे लोग खासे परेशान हैं और इससे निपटने के लिए बिभिन्न स्तर पर गम्भीर प्रयास किये जा रहे हैं / हालाँकि अब तक प्रदूषण से स्वास्थ्य पर होने बाले नुकसान को ही गम्भीरता से लिया जा रहा है लेकिन प्रदूषण सेहत के साथ साथ बालों की सेहत को भी नुकसान पहुंचता है / प्रदूषण की बजह से सिर में जलन और खुजली हो सकती है / इसकी बजह से बाल भंगुर और चमकहीन हो सकते हैं और बालों में रुसी सहित अनेक समस्याएं खड़ी हो सकती हैं और इनकी ग्रोथ प्रभावित हो सकती है तथा बाल अनियमित रूप से झड़ सकते हैं /प्रदूषण से बालों को होने बाले नुकसान को कुछ घरेलू उपायों से रोका जा सकता है / प्रदूषण की वजह से आपके बालों में काफी धूल मिट्टी और प्रदूषक इकट्ठे होते हैंजो बालों को रूखा और बेजान बनाते हैं, जिससे डैंड्रफ की समस्या हो सकती है प्रदूषण के सम्पर्क से बालों को बचाने के लिए बालों को स्कार्फ , कैप या दुपट्टे से ढक कर चलें / प्रदूषण से बचाने के लिए बालों को बांधना / चोटी बनाना बेहतर विकल्प है क्योंकि इससे धूल और प्रदूषकों के बालों में प्रवेश करने की गुंजाइश कम हो जाती है।

प्रदूषण के प्रभाव को कम करने के लिए बालों पर तेल मालिश प्रभावी साबित होती है / तेल मालिश या चम्पी से खोपड़ी में रक्त संचार बढ़ता है जिससे पोषक तत्व बालों के रोम तक गहराई से पहुँचते हैं तथा बालों में रुसी और खुजली की समस्या कम हो जाती है / प्रदूषण की बजह से रूखे , शुष्क हो चुके बालों को कंडीशनर से पोषण मिल सकता है / शैम्पू के बाद कंडिशनर का इस्तेमाल करने से आपके बालों को मॉइस्चर भी मिलता है और बाल टूटते भी कम हैं। इसलिए हमेशा शैम्पू करने के बाद बालों को कंडिशन करें/ कंडीशनर को अपने बाल धोने के बाद ही लगाया कर कुछ मिनट तक छोड़ दें जिससे यह आपके बालों में गहराई तक पहुंच सकेगा जिससे बाल घने और मुलायम बन जायेंगे / घर पर कंडीशनर बनाने के लिए 1 चम्मच शहद 2 चम्मच नारियल तेल को मिक्स करके बालों की जड़ों से लेकर सिरों तक अच्छी तरह लगा लें और शॉवर कैप पहन लें। इसके 30 मिनट बाद शैंपू कर लें। गर्मी के मौसम में शैंपू के बाद भी इसका उपयोग कर सकती हैं। पहले बालों में शैंपू करें। फिर इस मिश्रण को गीले बालों में ही लगा लें और 30 मिनट बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो लें।

**प्रदूषण से रूखे** और बेजान बालों को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने के लिए पर्याप्त देख भाल की जरूरत होती है। बालों के छिद्रों के लिए और आपके बालों के मुलायम को स्वस्थ रखने के लिए बालों को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रयाप्त मात्रा में पानी , लस्सी , जूस ,फ्रूट और हरी सब्जियों का सेवन करें /

प्रदूषण से बालों को बचाने के लिए बालों और स्कैल्प को साफ रखने का प्रयत्न करें क्योंकि साफ बालों में बायु प्रदूषक घर नहीं कर सकेंगे / बालों को साफ रखने से स्कैल्प को खुजली और डैंड्रफ से बचाया जा सकता है प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए आप को घर पर ही लीव इन कंडीशनर और हेयर ऑयल आदि का प्रयोग करते रहना चाहिए। इस दौरान बालों में ज्यादा हीट का प्रयोग न करें और हेयर स्टाइल अलग अलग प्रकार के न बनाएं नहीं तो आपके बाल और अधिक कमजोर हो सकते हैं। आपके बाल इस दौरान अधिक ड्राई भी हो सकते हैं इसलिए बालों में बार बार शैंपू भी न करें।प्रदूषण से बालों को बचाने के लिए हेयर मास्क लाभदायक साबित हो सकते है /हेयर मास्क आपके बालों को पौषण प्रदान करते हैं साथ में हाइड्रेट भी करते हैं /। विभिन्न तरह के बालों के लिए विभिन्न तरह के हेयर मास्क मिलते हैं। आप हेयर मास्क को बालों पर सप्ताह में दो बार लगा सकते हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत की अनवरत शक्ति

**संजीव**

**भारतवर्ष सदैव** आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा गया है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक,अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की "सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति" यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है।

## डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है।

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

**डायबिटीज** वैश्विक स्तर पर एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभरा है और भारत अब व्यापकता और निदान न किए गए मामलों दोनों में सबसे आगे है, जिसमें 212 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं और 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोग उपचार के बिना रह रहे हैं। जीवनशैली में बदलाव, आहार पैटर्न और तंबाकू के उपयोग से प्रेरित भारत में डायबिटीज के मामलों में वृद्धि, विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण बाधाएँ खड़ी करती है, यह सुनिश्चित करना कि डायबिटीज से पीड़ित 80% लोगों का निदान हो और उनमें से 80% ग्लाइसेमिक नियंत्रण प्राप्त करें।डायबिटीज एक ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब आपका रक्त शर्करा (ग्लूकोज) बहुत अधिक होता है। यह तब विकसित होता है जब आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता है या बिल्कुल भी नहीं बनाता है, या जब आपका शरीर इंसुलिन के प्रभावों पर ठीक से प्रतिक्रिया नहीं करता है। डायबिटीज सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। डायबिटीज के अधिकांश रूप जीर्ण (जीवन भर चलने वाले) होते हैं और सभी रूपों को दवाओं और / या जीवनशैली में बदलाव के साथ प्रबंधित किया जा सकता है। ग्लूकोज (चीनी) मुख्य रूप से आपके भोजन और पेय पदार्थों में मौजूद कार्बोहाइड्रेट से आता है। यह आपके शरीर की ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। आपका रक्त ऊर्जा के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्लूकोज को आपके शरीर की सभी कोशिकाओं तक पहुँचाता है। जब ग्लूकोज आपके रक्तप्रवाह में होता है, तो उसे अपने अंतिम गंतव्य तक पहुँचने के लिए मदद की जरूरत होती है-एक "कुंजी" -यह कुंजी इंसुलिन (एक हार्मोन) है। यदि आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना रहा है या आपका शरीर इसका सही तरीके से उपयोग नहीं कर रहा है, तो आपके रक्तप्रवाह में ग्लूकोज जमा हो जाता है, जिससे उच्च रक्त शर्करा (हाइपरग्लाइसेमिया) होता है। समय के साथ, लगातार उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं।

# शंभू बॉर्डर पर हलचल बढ़ी, जिला प्रशासन हुआ सतर्क

## डल्लेवाल ने मरणव्रत पर बैठना था, लेकिन पंजाब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** देर रात पुलिस किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को डिटेन कर ले गई। डल्लेवाल ने पिछले दिनों ऐलान किया था कि वह 6 नवंबर से आमरण अनशन आरंभ करेंगे। जिसके बाद पुलिस की तरफ से यह कार्रवाई की गई। वहीं पुलिस उन्हें डिटेन करके लुधियाना स्थित डीएमसी अस्पताल में लेकर आई है। कोई व्यक्ति उन तक न पहुंचे, इसके लिए अस्पताल के चारों तरफ पुलिस खड़ी कर सील कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक अस्पताल में डल्लेवाल न तो कुछ खा रहे हैं और न ही एडमिट हो रहे हैं। उधर, डल्लेवाल को हिरासत में लेने के विरोध में किसान खनौरी बॉर्डर पर पहुंच रहे हैं। किसान



नेता बाद मरणव्रत पर फैसला लेंगे। इससे पहले किसान नेता सरवन पंधेर ने कहा कि सोमवार रात करीब 2 बजे डल्लेवाल को खनौरी बॉर्डर से उठा लिया गया है। उन्हें कहां ले गए हैं, इसकी जानकारी नहीं है। जिन्होंने डल्लेवाल को उठाया है, उनमें कई पुलिसवाले हिंदी भाषा बोल रहे थे। डल्लेवाल को सीएम भगवंत मान की ज्यूरिडिक्शन से उठाया गया है, इसलिए पंजाब सरकार को किसानों के प्रति अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी। बताना होगा कि उन्हें कहां ले गए हैं? अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। किसान नेता अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि आज जगजीत सिंह डल्लेवाल ने मरणव्रत पर बैठना था, लेकिन पंजाब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसलिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में

**बैरिकेडिंग**

**▶▶ डल्लेवाल ने पिछले दिनों ऐलान किया था कि वह 6 नवंबर से आमरण अनशन आरंभ करेंगे**

किसान खनौरी व शंभू बॉर्डर पर पहुंचे। हमने मोर्चे को मजबूत करना है, ताकि किसी और साथी के साथ ऐसा न हो।
इसी बीच आज सुबह से ही शंभू बॉर्डर पर हलचल बढ़ गई है। डल्लेवाल की गिरफ्तारी के बाद किसानों ने शंभू बॉर्डर पर पहुंचना शुरू कर दिया है। वहीं इस दौरान पंजाब की तरफ से प्रशासन की तरफ से बैरिकेडिंग को तोड़ने के लिए हथौड़े भी चलाए गए।

## न्यूज फ्लैश

### संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस मनाया गया




**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जी टी रोड स्थित स्थानीय आई. बी. पी.जी. महाविद्यालय में एन.एस.एस. यूनिट एवं राजनीति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग द्वारा विद्यार्थियों को यह बताया गया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया। जिस वर्ष संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. बी.आर अंबेडकर की 125वीं जयंती थी। इससे पहले, इस दिन को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। यह दिन साल 1949 में पहली बार भारतीय संविधान को अपनाए जाने का प्रतीक है । 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ, जिससे भारत एक संप्रभु गणराज्य बन गया । तत्पश्चात महाविद्यालय के राजनीति विभाग के प्रो राहुल द्वारा विद्यार्थियों को संविधान दिवस के बारे में बताया गया उन्होंने यह कहा कि भारत का संविधान लिखित है, संविधान सभी नागरिकों को मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की गारंटी देने के साथ- साथ सरकार के कार्यों की रूपरेखा स्थापित करता है। राजनीति विभाग की संयोजिका डॉ किरण मदान जी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है जो कि संविधान सभा के अध्यक्ष थे । एन.एस.एस. की संयोजिका प्रो खुशबू ने कहा कि यह दिन नागरिकों को लोकतांत्रिक सिद्धांतों का सम्मान करने और उन्हें बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस कार्यक्रम में मंच संचालन स्वयंसेविका खुशी द्वारा किया गया । तत्पश्चात डॉ नीतू के द्वारा सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को यह शपथ दिलाई गई की "मैं सत्य निष्ठा पूर्वक शपथ लेती हूं कि मैं भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा रखूंगी जो विधि द्वारा स्थापित है तथा भारत की सार्वभौमिकता और सत्य निष्ठा बनाए रखूंगी । जय हिंद जय भारत"। इस कार्यक्रम में डॉ निधान सिंह, पूजा, मोहित (राजनीति विभाग) एवं गणेश आदि उपस्थित रहे ।

### अम्बाला कैंट में पार्कों की देखरेख करेगी रजिस्टर्ड रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटियां: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में नगर परिषद सीमा में पड़ने वाले पार्कों की देखरेख रजिस्टर्ड रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी करेगी ताकि उनका प्रबंधन बेहतर तरीके से किया जा सके।
विज ने बताया कि अम्बाला छावनी में इस समय नगर परिषद के अधीन अलग-अलग स्थानों पर 32 पार्क है और इन्हीं पार्कों की देखरेख के लिए रजिस्टर्ड सोसाइटियां गठित की जाए ताकि उनका प्रबंधन बेहतर हो। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पार्क के रखरखाव के लिए सोसाइटियों को 4 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से प्रतिमाह नगर परिषद द्वारा राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पार्क है वहां स्थानीय स्तर पर रजिस्टर्ड रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटियों का गठन किया जाए और जोकि पार्कों का प्रबंधन संभाले।
रजिस्टर्ड सोसाइटियां पार्कों का प्रबंधन संभालने के लिए नगर परिषद अम्बाला छावनी में आवेदन करें। गौरतलब है कि अम्बाला छावनी में इस समय 32 पार्क है जिनमें से सबसे प्रमुख सुभाष पार्क है। इसके अलावा अन्य पार्क भी हैं जहां प्रबंधन के लिए सोसाइटियों का गठन होगा। सुभाष पार्क के अलावा छावनी में इंदिरा पार्क है जबकि हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में कुल नौ पार्क हैं। सुभाष कालोनी में लाल मंदिर पार्क व पतांजलि पार्क, लाल कुर्ती बाजार पार्क, अम्बेडकर पार्क, मच्छी मोहल्ले में ईदगाह रोड पार्क, ग्वाल मंडल में पार्क, कुम्हार मंडी में पार्क, खटीक व दीना की मंडी में पार्क, ट्रिब्यून कालोनी में पार्क, डिफेंस कालोनी पार्क, अजीत नगर में पार्क, राम किशन कालोनी में पार्क, शास्त्री कालोनी में पार्क, रामपुर में कम्युनिटी सेंटर पार्क, हाउसिंग बोर्ड कालोनी में कम्युनिटी सेंटर पार्क, ग्रीन पार्क कालोनी में पार्क, पालम विहार में पार्क, बीसी बाजार में पार्क, सरसेहड़ी में पार्क, करधान में पार्क व रामपुर में पार्क स्थित है।

# हमारा संविधान दुनिया का सबसे सर्वश्रेष्ठ संविधान: जैन



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने संविधान दिवस की शुभ कामनाये देते हुए कहा कि देश के मजबूत संविधान के कारण ही देश की लोकतान्त्रिक, धर्म निर्पेक्षों एवं स्वतंत्र पहचान स्थापित हुई है, संविधान की अनुपालना से देश लगातार मजबूत होकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और हमारा संविधान दुनिया का सबसे सर्वश्रेष्ठ संविधान है। पुरखास रोड सिथत कार्यालय में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए राजीव जैन ने कहा कि हर वर्ष भारतीय संविधान के बारे में लोगो को जागरूक करने, संविधान के महत्व एवं बाबा साहब के विचारों और अवधारणाओं के फैलाने के उदेश्य से संविधान दिवस मनाया जाता है, इसी दिन 1949 को संविधान अपनाने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने देश की आजादी में योगदान देने वाले शहीदों को याद किया जिनके बलिदान के कारण संविधान बनाना एवं लागू करने का सपना साकार हुआ। उन्होंने आज के दिन ही लोकतंत्र के मंदिर को आतंकवादियों के हमले से बचाने वाले शहीदों को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा ऋण: डीसी

**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो, को बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशु पालन, किरयाना दुकान, मनियारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# डेंगू से बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/पेहवा:** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा पिहोवा में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर अजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सभी को नशे, डेंगू वह इस मौसम में होने वाले रोगों से बचाव बारे बताया खासकर नशे बारे की नशे से हमारे मानसिक संतुलन तथा व्यवहार में विपरीत बदलाव आता है। हमारे अंदर सही गलत में फर्क.करने की क्षमता कमजोर हों जाती है और हम गलत काम करने लगते है। इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके भारत की पिहोवा सिटी कोआर्डिनेटर सीमा शर्मा ने



बताया कि सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए व डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाये हुए हैं उन्होंने बताया की सभी महिलाओं को अपने बच्चों के व्यवहार पर नजर रखनी चाहिए। अगर किसी के व्यवहार में बदलाव आता है तो उसकी दोस्त की तरह काउंसलिंग करे। सभी को खेल कूद, योगा आदि अतिरिक्त गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करे। योग विधार्थियो को नशे से दूर रखता है। इसे बच्चों की दिनचर्या का हिस्सा बनाये। इस मौसम में कही भी पानी इक्ट्ठा न होने दे

**बूस्टर किट**

**▶▶ संस्था की को स्पान्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की**

क्योंकि डेंगू अपने पाव पसार रहा है अपने आसपास सफाई रखे। सभी बच्चों को इस मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रति बारे में बताया डॉ अजय शर्मा वह सीमा शर्मा ने सभी को संस्था की को स्पान्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। इस अवसर पर कालोनी की समस्त महिलाये मौजूद रही।

### हत्या प्रयास की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: एसएजी** यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कंवर उर्फ कमलू उद्देशिपुर व राहुल नविासी सलारपुर माजरा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। मोहल्ला जिला हिसार निवासी रिंकू ने गत 5 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपनी किसी काम से गांव बड़ौली आया हुआ था। वह मुरथल फ्लाईओवर के नीचे गाड़ी मोड़कर वापस अपने गांव की तरफ जाने लगा। वह पेशाब करने के लिए सर्विस रोड पर रूक गया। उसी दौरान कार उनके पास आकर रूकी। जिसमें से कई लड़के उतरकर उसके पास आए। एक लड़के के हाथ में पिस्तौल थी। उसने गाड़ी के शीशे ऊपर करके खिड़की लॉक कर दी। उसके लड़के ने पिस्तौल के बट ?ट कार के शीशे पर मारे। उसने गाड़ी को पीछे करने का प्रयास किया तो लड़के ने गोली चला दी। जोकि गाड़ी के शीशे पर लगी। किसी तरह वहां से बचने के बाद मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। मुरथल थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# सेवानिवृत अधिकारी को मनी लॉन्ड्रिंग केस में आने का झांसा देकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** शहर के मॉडल टाउन के रहने वाल सेवानिवृत्त अधिकारी का नाम अशोक गुप्ता मनी लॉन्ड्रिंग केस में आने का झांसा देकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर 1.78 करोड़ रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित को जेल भेजने का भय दिखाकर होटल में रुकने को कहा और वहां डिजिटल अरेस्ट कर खातों में नकदी डलवा ली। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता

**लूट का मामला**

**▶▶ सेवानिवृत अधिकारी को मनी लॉन्ड्रिंग केस में आने का झांसा देकर एक करोड 78 लाख की राशि ऐंठी**
**▶▶ पीड़ित व उसके परिवार के सदस्यों को ऑनलाइन रहने का दिखाया डर, गिरफ्तारी के डर से होटल में बितानी पड़ी रातें**

से जांच की जा रही है। मॉडल टाउन निवासी विनोद चौधरी ने साइबर थाने में शिकायत देकर बताया कि वह सेवानिवृत्त अधिकारी है। गत 6 नवंबर को उसके मोबाइल पर कॉल आई थी। तब कोई बातचीत नहीं हुई। उसके बाद फिर से उसी नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि आपका नाम अशोक गुप्ता मनी लॉन्ड्रिंग केस जिसका मुकदमा नंबर 2212186 में दर्ज है। आपके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट है। इसके साथ ही उनके मोबाइल के व्हाट्सएप पर मुकदमा नंबर की डिटेल और गिरफ्तारी वारंट की कॉपी भेजी गई। पीड़ित ने उन्हें बताया कि वह किसी रिश्तेदार के निधन पर फरीदाबाद आए है। वह 11 नवंबर को सोनीपत जाएंगे। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर को फिर से उनके मोबाइल पर कॉल आई। उनके पास गिरफ्तारी वारंट भेजा गया। साथ ही उन्हें कॉल कर धमकाते हुए उनसे उनकी व परिवार की बैंक खातों की जानकारी मांगी गई। उसके बाद 13 नवंबर को उनसे दिनभर की दिनचर्या की जानकारी मांगी गई। उनसे 14 से 20 नवंबर तक दिन में अलग-अलग खातों में 1 करोड़ 78 लाख 55 हजार आरटीजीएस से डलवाए गए।

**होटल में रहने का किया मजबूर, ऑनलाइन वीडियो कॉल पर रहने की दी धमकी-** पीड़ित ने पुलिस को बताया कि ठगों ने उसे डराकर घर से बाहर जाने के लिए कहा। अगर कोई रेड होती है तो गिरफ्तारी से बच पायेगें। उसके बाद पीड़ित होटल में जाकर रहा। उसके बाद उसकी पत्नी के पास भी फोन कॉल आई। उसके बाद ठग उसे व परिवार के सदस्यों को डराकर ऑनलाइन वीडियो कॉल लाइव रहने के लिए कहते रहे।

# सड़क हादसे में घायल श्रमिक ने दिल्ली के अस्पताल में तोड़ा दम

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के पतला गांव मोड़ पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार वाहन ने दो-पहिया वाहन चालक को चपेट में लिया है। हादसे घायल को परिजन निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उपचार के बाद उसे दिल्ली के सफरदंज अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की

**सुपुर्द किया**

**▶▶ मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया**

गंभीरता से जांच कर रही है।
बदायूं यूपी हाल में अटेरना निवासी रवि ने बताया कि उसका चाचा सचिन (32) मुरथल स्थित कंपनी में काम करता था। गत 21 नवंबर को कंपनी से ड्यूटी खत्म करने के बाद वापिस घर आ रहा था। जब वह पतला मोड़ पर पहुंचा। उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे दिल्ली के अस्पताल में रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर सफरदंज अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसके चाचा ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कुंडली थाना पुलिस व दिल्ली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### समाधान शिविर फिर हुए शुरू: डीसी

**पानीपत ,( कमाल हुसैन )**
प्रदेश सरकार के निर्देश पर समाधान शिविर लगाने की कवायद फिर से शुरू की गई है। डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें कोई भी आमजन अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अपनी शिकायत दे सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात 10 से 12 बजे तक जिला सचिवालय में आयोजित किए जाने वाले समाधान शिविर में उपस्थित रहें।

# अस्पताल में तैनात कर्मचारी हो रहे डेंगू का शिकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में डेंगू, वायरल बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के आठ नए मरीज मिले है। सोमवार को जारी रिपोर्ट में डेंगू के आठ नए मरीजों के मिलने की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है। अब जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 463 हो गई है। वही मलेरिया के मरीजों की संख्या 36 है। वहीं जिले में एक मरीज चिकनगुनिया का सामने आ चुका है। वहीं नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में तैनात व ओपीडी में तैनात चिकित्सक बुखार से ग्रस्त मिल रहे है। अस्पताल के कक्ष में स्टाफ व ट्रेनिंग के लिए आए छात्र भी बुखार से ग्रस्त हो रहे है। कर्मचारियों ने कक्ष में दवा का




छिड़काव करने की मांग की है। बता दें कि मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे है। वहीं डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है। विभाग की टीम घर-घर जाकर मलेरिया जांच के लिए मरीजों के रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेज रही है। साथ ही मरीजों को डेंगू की जांच के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही डेंगू लैब में रक्त के नमूने देने देने की सलाह दी जा रही है। उन्हें डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सोमवार को जारी की रिपोर्ट में आठ नए मरीज डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों की रिपोर्ट दी है। डेंगू का आंकड़ा चार सौ पार होते हुए 463 हो गया है। सोमवार को जारी रिपोर्ट में एचबीसी सेक्टर-15, वेस्ट रामनगर, मसद मोहल्ला, सिद्धार्थ कॉलोनी, सिक्का कॉलोनी, वेस्ट राम नगर, सेक्टर-14, बाबा कॉलोनी से नए मरीज सामने आए है। वहीं नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में तैनात दो महिला स्टाफ व एक विद्यार्थी बुखार से ग्रस्त हो गया है। वहीं ओपीडी में तैनात डा. फोगाट बुखार से ग्रस्त हो गए है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

# संविधान में वर्णित अधिकारों-कर्तव्यों में संतुलन बनाना होगा: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

एसडी पीजी कॉलेज में जिला प्रशासन पानीपत और कॉलेज एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में 26 नवम्बर संविधान दिवस पूरे सम्मानपूर्वक मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि स्कूल एवं उच्च शिक्षा, आर्काइव एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। मंत्री ने कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई और मुख्यमंत्री का लाईव कार्यक्रम भी उपस्थित अतिथियों ने देखा। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा ह्यहमारा अधिकार हमारा कर्तव्य-संविधानह्ल विषय पर लघु नाटिका




प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में क्विज भी आयोजित की गई जिसमे सभी ने भाग लिया और क्विज मास्टर की भूमिका खुद प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने अदा की। क्विज और लघु नाटिका में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि 140 करोड़ लोगों को एक सूत्र में चलाने का काम संविधान करता है। चीजों को बारीकी से समझने वाले व्यक्तित्वों ने ही संविधान का निर्माण किया था। दुनिया के संविधानों से अच्छी बातें चुनकर एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना की गई। हमारा संविधान एक अमूल्य धरोहर है। परन्तु आज चिंता का विषय यह है कि नागरिकों को अपने अधिकारों की

**भविष्य**

**▶▶ भावी पीढ़ियों के अच्छे भविष्य के लिए आज के युवा को राजनीतिक रूप से मजबूत होना होगा**

तो चिंता है परन्तु वे अपने कर्तव्य नहीं निभाना चाहते। हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों में संतुलन बनाना होगा। आज का छात्र कल का नहीं आज का ही नागरिक है। हमें ह्यमैंह्ल को छोडकर ह्यहमह्ल को अपनाना होगा। सब साथ चलेंगे तो देश आगे बढेगा। देश के प्रत्येक नागरिक को मार्गदर्शन देने का काम हमेशा संविधान ने किया है। मयार्दा में रहकर मिलकर काम करने की प्रेरणा संविधान हमें देता है। अच्छी नागरिक सोच के लिए संविधान का ज्ञान होना जरुरी है। देश के पिछड़े रहने का एक कारण युवाओं का राजनीति के प्रति उदासीन भाव भी है, आज के युवा नेता नहीं बनना चाहते। युवाओं को चाहिए कि देश के उज्जवल भविष्य के लिए अच्छे लोगों का समूह बनाए ताकि राजनीति में उनका आगमन हो सके। भावी पीढ़ियों के अच्छे भविष्य के लिए आज के युवा को राजनीतिक रूप से मजबूत होना होगा। दुनिया में आज भारत कहाँ से कहाँ पहुँच गया इसके पीछे एक हाथ संविधान का है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने सपनों को उड़ान दे और देश को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाए।

# लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : कुंडली** थाना पुलिस ने लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अलोक निवासी यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। एक लड़की ने गत 28 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका अलोक नाम के युवक से संपर्क हुआ। उसके बाद

**काबू**

**▶▶ पुलिस ने आरोपित को अदालत में किया पेश, दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा**

वह उससे बातचीत करने लगी। उसने उसे शादी का झांसा दिया। उसके बाद उसे बहला फुसलाकर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद किसी से कुछ बताने पर धमकी दी। वहीं उसके साथ शादी नहीं की। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। महिला सहायक उप निरीक्षक मेनका की टीम ने लड़की को बरामद कर उसका मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं। वहीं वारदात को अंजाम देने के आरोपित अलोक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

न्यूज फ्लैश

## संविधान दिवस पर दिलाई संविधान उद्देशिका की शपथ



**पानीपत:** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में पानीपत पुलिस द्वारा मंगलवार 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर जिला सचिवालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान उद्देशिका की शपथ दिलाई। संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि किसी भी देश का संविधान उसकी पहचान होती है। उन्होंने कहा कि संविधान से किसी भी देश का राजनैतिक व सामाजिक व्यवस्था का बुनियादी सांचा-ढांचा निर्धारित करता है, जिसके तहत उसकी जनता शासित होती है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि संविधान राज्य की विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसे प्रमुख अंगों की स्थापना करता है और उसकी शक्ति की व्याख्या करता है तथा उनके दायित्वों का सीमांकन करता है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि संविधान उनके संस्थापकों एवं निमार्ताओं के आदर्शों व सपनों के मूल्यों का दर्पण होता है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा की ओर से संविधान पारित किया गया, जिन्हें भारतीय लोकतंत्र का आधार कहा जाता है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि भारत में नए गणराज्य के संविधान का शुभारंभ 26 जनवरी 1950 को हुआ था और भारत अपने लंबे इतिहास में प्रथम बार एक आधुनिक संस्थागत ढांचे के साथ पूर्ण संसदीय लोकतंत्र बना। भारतीय संविधान में देश के सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्राप्त है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने भारतीय संविधान दिवस के मौके पर भारतीय संविधान उद्देशिका पढ़ने के बाद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सविंधान के प्रति सत्य व कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री सतीश वत्स ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। भारत का संविधान अपनाने के उपलक्ष्य में हमारे देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस को मनाया जाता है।

## हथियार का शौक रखने वाले को अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाला गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सीआइए टू की टीम द्वारा थाना निसिंग क्षेत्र से आरोपी रितेन्द्र सिंह को अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया था, जिस पर उसके खिलाफ थाना निसिंग में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच हेतू आरोपी को अदालत से एक दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया था। सीआइए टू प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर उनकी टीम द्वारा देर शाम आरोपी अनश पुत्र परवेज वासी मौहल्ला सलेख विहार, शामली यूपी को यमुना नदी पूल के पास मंगलौरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ पर बताया कि उसने यह हथियार काफी समय पहले एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था और मोटी राशि कमाने के लालच में उक्त आरोपी को बेच दिया था।

# श्रीमद्भगवद्गीता आध्यात्मिक और मानवीय संदेश का भंडार है: मिश्र

### श्रीमद्भगवद्गीता गहरे आध्यात्मिक और मानवीय संदेश का भंडार है - डा. श्रीप्रकाश मिश्र

संदेश

▶▶ स्गीता का उपदेश जगत कल्याण का सात्विक मार्ग और परा ज्ञान का कुंड है: डा. श्रीप्रकाश मिश्र



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** श्रीमद्भगवद्गीता एक महान ग्रंथ है जो मनुष्य को सच्ची मनौशांति, आत्मिक उन्नति, और आदर्श जीवन की ओर प्रेरित करता है। इसमें व्यापक ज्ञान, उपदेश, और संदेश हैं जो हमारे सभी पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं और हमें सच्चे और खुशहाल जीवन के लिए निर्देशित करते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता गहरे आध्यात्मिक और मानवीय संदेश का भंडार है जो हमारे जीवन को महत्त्वपूर्ण और उद्दीपक बनाता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय श्रीमद्भागवत गीता जयंती समारोह - 2024 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के तृतीय दिवस देव गुरुकुल में श्रीमद्भागवत गीता में निहित वैदिक सनातन जीवन मूल्यों की विद्यार्थी जीवन में प्रासंगिकता विषय पर आयोजित गीता संवाद एवं व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्रम्हचरियों द्वारा वैदिक यज्ञ से हुआ। देव गुरुकुल परिसर में पहुँचने पर डा. डा. श्रीप्रकाश मिश्र का गुरुकुल के ब्रह्मचारीयों ने शंख ध्वनि एवं वैदिक मंत्रोच्चारण से स्वागत एवं अभिनंदन किया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा संसार की समस्त शुभा गीता में निहित है। गीता का उपदेश जगत कल्याण का सात्विक मार्ग और परा ज्ञान का कुंड है। आज वर्तमान जीवन में मनुष्य को जरूरत है अपने भीतर और बाहर दोनों का संतुलन बनाने की। मनुष्य अपना ये संतुलन रोजमर्रा के काम करते हुए प्राप्त कर सकता है और अपने आप को रूपांतरित कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी विवेक चैतन्य ने की। वैदिक विद्वान एवं समाजसेवी रामपाल आर्य अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्रीकृष्ण देव ने किया। आभार ज्ञापन आचार्य विकास ने किया। गुरुकुल के निदेशक सुमित त्यागी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से हुआ। कार्यक्रम में गुरुकुल के आचार्य, ब्रम्हचारी एवं अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# विद्यालय में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया




टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )

**सनातन** धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को हमारे भारत के बहुज्ञ, विधिवक्ता ,अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ लेखक व समाज सुधारक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जन्म दिवस पर भारत सरकार ने 2015 में एक राजपत्र अधिसूचना द्वारा संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया था। पहले इस दिन को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान के महत्व को फैलाने और अंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं को फैलाने के लिए 26 नवंबर को भारतीय संविधान के दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने नए संविधान की विशेषता के बारे में संपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि भारत के संविधान विश्व के किसी भी गणतंत्र देश का सबसे लंबा लिखित संविधान है। भारत संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे। भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से तैयार करने में 2 वर्ष 11 महीने व 18 दिन लगे थे। भारतीय संविधान में वर्तमान में 470 अनुच्छेद तथा 12 अनुसूचियां हैं और यह 25 भागों में विभाजित है। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान प्रमोद कुमार बंसल तथा विद्यालय के प्रबंधक फकीरचंद बिंदल ने बच्चों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया ऐसी जानकारी बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी होती है और इसी तरह से ही विद्यार्थियों के अंदर देश के प्रति समर्पण भाव पैदा होता है।

# सरकारी स्कूल में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का हुआ सफल आयोजन




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/बाबैन:** राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य मैं नहीं बल्कि आप को सार्थक सिद्ध करते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन में स्वयंसेवकों द्वारा दूसरा एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन आदरणीय उप-प्रधानाचार्य महोदय द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित करके किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना गीत कैंप की शुरूआत के समय बजाया गया। श्री ओम प्रकाश ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को हमेशा सेवा करते रहने के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी प्रवक्ता विकास ने संविधान दिवस पर छात्रों को संविधान के विषय में विस्तार पूर्वक बताया।

# सामाजिक परिवर्तन के लिए मानसिक परिवर्तन जरूरी: मीनू सिंह

वाद-विवाद

▶▶ यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/( कमाल हुसैन )

**आर्य** पीजी कॉलेज के कानूनी प्रकोष्ठ, हिंदी साहित्य परिषद, एनएसएस, रेड क्रॉस व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकुला एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर वाद-विवाद वा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत की सचिव मीनू सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने मुख्य अतिथि का कॉलेज प्रांगण में पंहुचने पर पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहां सविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। उन्होंने बताया की साल 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। भारत का संविधान दुनिया भर के बेहतरीन संविधानों को मिलाकर बनाया गया है और ये दुनिया का सबसे बडा लिखित संविधान हैं। इसमें विभिन्न देशों के संविधानों से अच्छी बातें ली गई हैं। अंत में उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को 200-200 रूपए की धन दी जाएगी। मुख्य अतिथि मीनू सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण न केवल जिला व राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ न्याय दिलाने का काम भी कर रहा है।

# नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर सेमिनार आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , (कमाल हुसैन )



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कवारतन और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुराना में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज ने शिरकत की। ओर यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी सांझा की

**योजना की विशेषताएं और पात्रता शर्तें**

सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज ने योजना की विशेषताओं और पात्रता शर्तों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलती है। योजना के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के स्थायी निवासी, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है और जो 12वीं कक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं, इसके पात्र होंगे।

योजना

▶▶ जो 12वीं कक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं, इसके पात्र होंगे

10वीं के छात्रों के लिए अंक सीमा नहीं है, लेकिन वे किसी सरकारी या निजी आईटीआई या पॉलिटेक्निक संस्थान में नामांकित होने चाहिए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कवारतन के प्रधानाचार्य वंदना ने सतीश भारद्वाज का स्वागत किया और छात्रों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

# किशोर किशोरियों के सपनों में सहयोग करे समुदाय: प्रदीप कुमार

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )



**पानीपत** जिले के मतलोड़ा ब्लॉक के सीठाना गांव में ब्रेकथ्रू संस्था के द्वारा शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से बड़ी सी आशा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बदलाव की किरण नामक नाटक दिखाकर गांववासियों के साथ किशोर किशोरियों के सपने को लेकर बातचीत की गई। इस नाटक में यह दिखाया गया है कि किशोर-किशोरी और युवा ग्रुप बनाकर किस तरह से अपने गांव की समस्याओं पर चर्चा करके उन समस्याओं को सुलझा सकते है और प्रत्येक किशोर-किशोरी और युवा अपने माता-पिता के साथ अपने सपनों के बारे में बात कर सकते हैं और माता-पिता अपने बच्चों के सपनों को पूरा करने में उनका सहयोग कैसे कर सकते हैं। ब्रेकथ्रू संस्था से प्रदीप कुमार ने बताया कि हमारे काम के दौरान हमने देखा कि यहां से किशोरियां अपने गांव में स्कूल की पढ़ाई के बाद अपने सपनो को लेकर अपनी बात घरवालों के सामने नही रख पाती जिसके कारण उनके सपने वही पर खत्म हो जाते है।

## अनाथ आश्रमों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य : सीमा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अंतर्गत आने वाले 0 से 18 वर्ष तक के आयु वाले बच्चे यदि किसी भी यतीमखाना व किसी भी संस्था में रहते है तो 2015 की धारा 41 (1) के तहत पंजीकरण करवाना अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि करनाल जिले में यदि कोई ऐसा यतीमखाना अथवा संस्था जो कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अंतर्गत बिना पंजीकरण के चल रही है तो किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 42 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी, बिना पंजीकरण के चल रही संस्था की सूचना देने व पंजीकरण करवाने के लिए जिला बाल सरंक्षण यूनिट करनाल के कार्यलय, सेक्टर-4 पायर स्टेशन कार्यालय में संपर्क करें।

# प्रदर्शनी में नजर आएंगे महाभारत के यादगार क्षण:वर्षा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की अतिरिक्त निदेशिका वर्षा खंगवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में प्रदेश सरकार की तरफ से राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में महाभारत के यादगार लम्हों के साथ-साथ पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को दशार्या जाएगा। इस प्रदर्शनी में हाईटेक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। इस प्रदर्शनी को लगाने की जिम्मेवारी एक एजेंसी को सौंपी गई है और यह प्रदर्शनी 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चलेगी।

अतिरिक्त निदेशिका वर्षा खंगवाल मंगलवार को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले अतिरिक्त निदेशिका वर्षा खंगवाल, अतिरिक्त निदेशक रणबीर सांगवान, शहीदी स्मारक संग्रहालय के निदेशक डा. कुलदीप सैनी, संयुक्त निदेशक साहब सिंह गोदारा, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, सदस्य अशोक रोसा ने पुरुषोत्तमपुरा बाग श्रीकृष्ण अर्जुन रथ के पास 5 से 11 दिसंबर तक लगने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त निदेशिका ने अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि राज्य स्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियां निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरी की जानी चाहिए और किसी स्तर पर भी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

भावना

▶▶ प्रदर्शनी में महाभारत के यादगार लम्हों के साथ-साथ पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को दर्शाया जाएगा

उन्होंने कहा कि सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक केएम पांडूरंग के आदेशानुसार राज्य स्तरीय प्रदर्शनी को हाईटेक तकनीकी से लगाने का जिम्मा एक निजी एजेंसी को सौंपा है।

# एनडीआरआई ने उत्पाद लॉन्च के साथ मनाया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस




**करनाल।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान ने भारत की श्वेत क्रांति के वास्तुकार डॉ. वर्गीस कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में पद्मश्री कंवल सिंह चौहान सहित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सदस्य, नई दिल्ली के डॉ. जी.एस. राजोरहिया, निदेशक मंडल, एन.डी.डी.बी. आनंद सभी सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. कुरियन को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई, जिसमें भारत को दुनिया के सबसे बड़े दूध उत्पादक देश में बदलने में उनके दूरदर्शी नेतृत्व को स्वीकार किया गया। कार्यक्रम में निदेशक और कुलपति डॉ. धीर सिंह, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान ने डेयरी विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति में संस्थान के योगदान के बारे में बात की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता और डेयरी उत्पादों में मूल्यवर्धन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए शोधकताओं, किसानों और उद्योग हितधारकों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ.धीर सिंह ने डेयरी क्षेत्र के सतत विकास को सुनिश्चित करते हुए अनुसंधान, शिक्षा और आउटरीच में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई। कंवल सिंह चौहान ने सहकारी मॉडल के माध्यम से ग्रामीण किसानों को सशक्त बनाने में डॉ. कुरियन के महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया। अंतर को बांटने में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान जैसे अनुसंधान संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ.जी.एस. राजोरहिया ने भारत के डेयरी उद्योग के विकास और खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अंतर्दृष्टि साझा की। इस अवसर के महत्व को बढ़ाते हुए, पद्म श्री नरेंद्र सिंह, श्री कृष्ण गोशाला, जुंडला के संस्थापक गोपाल गोस्वामी और राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार विजेता राम सिंह को डेयरी क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आकर्षण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, एग्री-बिजनेस इनक्यूबेटर के इनक्यूबेट, स्मिलेट्स द्वारा बाजरा दूध प्रोटीन आधारित कुकीज का लॉन्च था। उत्पाद का अनावरण ओलंपिक पदक विजेता सरबजोत सिंह (2024) द्वारा प्रतिष्ठित एथलीटों की उपस्थिति में किया गया, जिनमें अर्जुन पुरस्कार विजेता समरेश जंग, और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत, साथ ही कई अन्य प्रसिद्ध एथलीट शामिल थे।

सहयोगात्मक

▶▶ शोधकर्ताओं, किसानों और उद्योग हितधारकों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया

# प्राथमिक पाठशाला में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक




**कुरुक्षेत्र :** राजकीय प्राथमिक पाठशाला चंद्रभानपुर में संविधान दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की नियमित प्रार्थना सभा से हुई इस अवसर पर गांव के सरपंच श्री जसवीर सिंह तथा ग्राम सचिव श्री विकास कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जिनका स्वागत विद्यालय मुखिया राजेश कुमार एवं अध्यापिका सुमन जी द्वारा किया गया । इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे प्रश्नोत्तरी और पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । विद्यालय में उपस्थित सभी गणमान्यों तथा विद्यार्थियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया । अध्यापिका मीनाक्षी द्वारा बच्चों को संविधान दिवस के महत्व के बारे में अवगत कराया गया । कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया । इस मौके पर भूतपूर्व सैनिक रामस्वरूप और देवेंद्र कुमार को समृति चिन्ह प्रदान किए गए। गांव के नंबरदार मुल्तान सिंह और नफे सिंह पंच को भी सम्मानित किया गया।

# किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सैक्टर-3 में 25 नवंबर और 26 नवंबर को दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती सीमा सैनी थीं। स्कूल मुख्याध्यापिका सुनीता रानी और स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा




बढ़ाई। कक्षा पहली के ऑब्सटेकल रेस में तेजवीर ने पहला, समर्थ ने दूसरा और विहान कश्यप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। थ्री लैग रेस में रूपांशी, पारुषि और वेदिका प्रथम रहीं, जबकि तुषिता, अमायरा और दिशु दूसरे तथा लक्ष्मी तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा दूसरी की नीडल थ्रेड रेस में कनिका, सिद्धांत और यतिन प्रथम रहे, वन्या, सिद्धार्थ और ऋषित ने दूसरा तथा वाणी, हरेन और हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी में बोट रेस में इंटीग्रेशन हाउस (अर्जुन, विवान, रित्विक) ने पहला, स्पोर्ट्स हाउस (मिखिल, लैविश, राघव) ने दूसरा और हेल्थ हाउस (शौर्य, विराट, विहान) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैलून ब्रेस्ट रेस में हरलीन प्रथम, शनाया द्वितीय और इशिका तृतीय स्थान पर रहीं। 150 मीटर दौड़ में शुभम ने पहला, गौतम ने दूसरा और अविराज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी की 150 मीटर दौड़ में कृतज्ञ पहले, नैविश दूसरे और सूरज तीसरे स्थान पर रहे। बुक बैलेंस रेस में सुनैना प्रथम, वृंदा द्वितीय और समायरा तृतीय स्थान पर रहीं। स्किपिंग रेस में मान्या ने पहला, दर्शिता ने दूसरा और परिधि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी और पांचवीं के ऑक्टोपस रेस में हेरिटेज हाउस ने पहला और हेल्थ हाउस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में अर्जुन पहले, विहान दूसरे और ऋत्विक तीसरे स्थान पर रहे।

**प्रतिभा**

**▸▸ छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया**

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में संविधान दिवस पर प्रतियोगितायें आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीएवी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, अंबाला शहर में संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हरियाणा शिक्षा परियोजना परिषद के निदेर्शानुसार राजनीति शास्त्र विभाग तथा विद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा प्रेरणादायक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनमें देशभक्ति की भावना को सशक्त करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकालीन सभा में हुई, जहां सभी विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना (प्रीएम्बल) का सामूहिक वाचन किया। इससे संविधान के महत्व




और नागरिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सम्मान का भाव जागृत हुआ।

**प्रतियोगिताओं की विविधता और उत्साह:** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग/पोस्टर मेकिंग, कैलीग्राफी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों सहित कुल 107 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन राजनीतिक विज्ञान विभाग की शिक्षिका मोनिका कालड़ा वह एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना द्वारा किया गया। मोनिका कालड़ा ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों के लिए खुला मंच प्रतियोगिता भी करवाई, जिसमें संविधान के विभिन्न पहलुओं से जुड़े प्रश्न पूछे गए। सभी विद्यार्थियों ने बड़े जोश के साथ भाग लिया।

## न्यूज फ्लैश

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** :राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम के दिशा निदेर्शानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पलवल कुरुक्षेत्र में विद्यालय मुखियाओं के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान की प्राचार्या श्रीमती संतोष शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विद्यालय मुखियाओं के प्रशिक्षण की आवश्यकता का महत्व बताया। सभी विद्यालय मुखियाओं से उन्होंने पूर्ण समपर्ण भाव के साथ कार्य करने का आग्रह किया। वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती अपर्णा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रशिक्षण शाखा प्रभारी वरिष्ठ प्राध्यापक श्री जसविंदर सिंह ने प्रशिक्षण कार्य के संदर्भ में रूपरेखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश सांझा किये। वरिष्ठ प्राध्यापक श्री विद्याधन ने डी आर यू विंग की गतिविधियों की जानकारी देकर सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ . रघुवीर तगेजा तथा डॉ. धर्मेन्द्र कश्यप द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया गया। प्रशिक्षण शाखा सदस्य डॉ. श्याम चरण तथा डॉ. रेखा ने भी अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को प्रारंभ करवाया। प्रथम सत्र डॉ. सुषमा शर्मा , रिटार्यड प्रोफेसर द्वारा समावेशी शिक्षा तथा चुनौतियाँ तथा दूसरा सत्र श्री नरेश कुमार लेखाकार द्वारा लिय गया। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र, डॉ .संजीव तथा श्रीमती सोनिया भी उपस्थित रहे।

### भगवान परशु राम कॉलेज कुरूक्षेत्र में संविधान दिवस का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** :आज भगवान परशु राम कॉलेज कुरूक्षेत्र में चुनाव अधिकारी एवं राजनीति विभाग द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रो शीशपाल शर्मा ने की। इस अवसर पर बोलते हुए कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि संविधान किसी भी देश के शासन प्रशासन का आधार होता है जिस पर सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित होती है। संविधान सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। चुनाव नोडल अधिकारी डॉ सुभाष ने भारतीय संविधान के ऐतिहासिक विकासक्रम से अवगत कराते हुए कहा कि संविधान बनाने के बारे में सर्वप्रथम प्रयास 1928 में नेहरू रिपोर्ट से शुरू हुआ और अंतत: 26 नवंबर 1949 को संविधान को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत स्वीकृत किया गया। चूंकि 26 जनवरी 1930 के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की गई थी इसलिए 26 जनवरी को महत्व देने के लिए ही 26 जनवरी 1950 को संविधान को लागू किया गया।

मंच संचालन करते हुए डॉ सतीश शर्मा ने बताया कि संविधान दो शब्दों सम + विधान शब्दों के योग से बना है जिसका अर्थ है समान विधान अर्थात सबके लिए समान नियम कानून। संविधान हमारे अधिकारों का दाता एवं रक्षक दोनों ही है। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें प्राची प्रथम स्थान पर रही |इस अवसर पर डॉ सुरेश कुमार और डॉ. फाल्गुनी उपस्थित रहे

# उपायुक्त कार्यालय में लगाया समाधान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगराधीश पूजा कुमारी की अध्यक्षता में लगे शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनने का काम किया गया। इस मौके पर डीएसपी सुरेश कुमार, डीआईओ अरविन्दजीत सिंह, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, इंस्पेक्टर राकेश मणी व बिजली निगम के एसडीओ गुरमेल सिंह मौजूद रहें। समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए नगराधीश ने बताया कि प्रोपर्टी आईडी व सम्पत्ति कर इत्यादि से सम्बधित समस्याओं का निवारण करने के




लिए नगरनिगम व नगर परिषद् में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला स्तर पर लगे शिविर के दौरान अम्बाला शहर शक्ति नगर कॉलोनी से आए अमृत लाल ने दिव्यांग पेंशन लगवाने बारे व पुलिस लाईन से आए रमेश चन्द ने बुजुर्ग सम्मान भत्ता पेंशन लगवाने बारे लिखित शिकायत के माध्यम से अपनी समस्या रखी। नगरधीश ने सम्बधित प्रार्थियों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक कार्यदिवस पर कोई भी व्यक्ति प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित शिविर में आकर अपनी समस्याओं को रख सकता हैं।

नगराधीश ने यह भी कहा कि समाधान शिविर लोगों के लिए काफी कारगर सिद्ध हो रहे हैं।

**निदान**

**▸▸ कोई भी व्यक्ति प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित शिविर में आकर अपनी समस्याओं को रख सकता हैं**

# युवक को धक्का देकर कार छीनकर बदमाश हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : कुंडली** थाना क्षेत्र में बॉर्डर के पास पानी लेने के लिए रुके युवक को धक्का देकर कार छीनने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जगतपुर बुराड़ी दिल्ली निवासी तरुण ने बताया कि वह दिल्ली में पान का काम करते है। वह रविवार देर रात दिल्ली से मुरथल ढाबा पर खाना खाने आ रहे थे। उन्होंने रात करीब पौने 12 बजे अपनी बलेनो कार को कुंडली बॉर्डर पर आने के बाद एक शराब की दुकान के पास रोक दिया। वह कार से उतरकर पानी की बोतल लेने जाने लगे। तभी तीन-चार युवक वहां पर पहुंचे। इससे पहले वह कुछ समझ पाते युवकों ने उन्हें धक्का देकर सडक पर गिरा गया। युवक उनकी कार में सवार हुए और पानीपत की तरफ भाग गए। पूरा घटनाक्रम काफी तेजी से हुआ। जिससे वह उनका चेहरा नहीं देख पाए। उन्होंने मामले से कुंडली थाना पुलिस को अवगत कराया। जांच अधिकारी एसआई नरेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है।

# ब्रह्माकुमारीज ने गांव बारना में दिया परमात्म सन्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र की ओर से गांव बारना की बाबा पट्टी चौपाल में आध्यात्मिक प्रदर्शनी द्वारा परमात्म सन्देश देते हुए शिव और शंकर के बारे में विस्तार से समझाया गया। सेवा केन्द्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने बताया कि गांव बारना में लगाई अध्यात्मिक प्रदर्शनी द्वारा ईश्वरीय सन्देश दिया गया है। ग्रामीणों को 84 जन्मों की कहानी बताई गई। श्री लक्ष्मी श्री नारायण का जीवन परिचय दिया व तीनो लोकों की जानकारी दी गई है।

# प्राचार्या ने खेल शिक्षक व अभिभावकों के सहयोग की सरहाना की

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

जिया और विवेक ने जिला युवा महोत्सव में दूसरा स्थान प्राप्त कर किया विद्यालय का नाम रोशन पानीपत स्थित आर्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय में 21 और 22 नवंबर को युवा एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण पानीपत द्वारा आयोजित जिला युवा महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत जिले के 15 से 27 युवा वर्ग में सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया। अपोलो इंटरनेशनल स्कूल ,पट्टीकल्याणा की प्रधानाचार्य अलका टंडन ने बताया



कि विद्यालय के कुल सात विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यालय के लिए यह हर्ष की बात है कि 21 नवंबर को आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कक्षा ग्यारहवीं की जिया ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, कक्षा ग्यारहवीं के छात्र वंश रमन एवं कुणाल ने साइंस प्रदर्शनी में दूसरा स्थान और छात्र विवेक ने पेंटिंग प्रतियोगिता में जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

### अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत : क्राइम** यूनिट वेस्ट ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुमित निवासी पलड़ी कलां का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिपाही अमित ने बताया कि उनकी टीम ने गत के दौरान सेक्टर-23 पास संदिग्ध हालत में युवक को पकड़ा था। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार बरामद हुआ था। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। वहीं मामले में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया।

# मादक पदार्थ चूरापोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधिक्षक अम्बाला के निदेर्शानुसार सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक महिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए दिनांक 24 नवम्बर 2024 को आरोपी सुखदेव सिहँ निवासी गांव सिहँपुरा थाना जिरकपुर जिला मोहाली पंजाब को 20 किलो 600 ग्राम चूरापोस्त व ट्रक सहित काबू करके मुकदमा नं0 358 दिनांक 24 नवम्बर 2024 धारा 15 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत थाना पडाव में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के




आदेशानुसार 4 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

24 नवम्बर 2024 को सीआईए-2 अम्बाला को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थो की तस्करी का कार्य करता है। आरोपी आज भी कैन्टर में भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर दिल्ली की तरफ से थाना पडाव क्षेत्र अम्बाला छावनी होते हुए पंजाब की तरफ जाएगा। सूचना उपरान्त पुलिस द्वारा तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना पडाव क्षेत्र एन एच 44 पर नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध कैंटर को रोककर विधिनुसार तलाशी लेने पर कट्टे से 20 किलो 600 ग्राम चूरापोस्त मादक पदार्थ बरामद किया। सुखदेव सिहँ निवासी निवासी गाँव सिहँपुरा थाना जिरकपुर जिला मोहाली पंजाब के रूप में हुई जिसे उपरोक्त मादक पदार्थ व ट्रक सहित गिरफ्तार कर थाना पडाव में मामला दर्ज किया गया।

**पूछताछ**

**▸▸ 4 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी**

# समाधान शिविर में हो रहा लोगों की समस्याओं का समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला नगर निगम में जनता की सुविधाओं के लिए प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाया जा रहा है।

इस दौरान नगर निगम कमिश्नर एवं अन्य अधिकारी जनता की समस्याओं को सुन रहे हैं। नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने जब से नगर निगम में शिविर लगने आरंभ हुए है तब से जनता की तरफ से आने वाली सभी समस्याओं को तत्काल प्रभाव से समाधान किया जा रहा है। मंगलवार भी सुबह से नगर निगम कार्यालय में अपनी समस्याएं लेकर लोगों ने पहुंचना आंरभ कर दिया।

# पीएम, सीएम के निर्देश, किसानों को न हो कोई तकलीफ: डॉ अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : दी** सहकारिता चीनी मिल सोनीपत के वर्ष 2024-25 पेराई सत्र का शुभारम्भ सहकारिता, कारागार, चुनाव, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कांटे पर बटन दबाकर व कांटे पर गन्ना डालकर किया। इस दौरान शहर से विधायक निखिल मदान, गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान, खरखौदा विधायक पवन कुमार मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसानों को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। अधिकारी, कर्मचारियों को यह समझना होगा कि किसान भाइयों की आर्थिक प्रगति के साथ देश और प्रदेश की तरक्की जुड़ी है, ऐसे में उनसे जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए अधिकारी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। उन्होंने पुरानी हो चली सोनीपत चीनी मिल को लेकर आने वाली तकनीकी अड़चनों को ध्यान में रखते हुए मिल को अपग्रेड करने का प्रस्ताव भेजने के प्रबंध निदेशक को निर्देश देते हुए कहा कि व विषय में वो खुद प्रदेश के मुखिया से बातचीत करेगें। बता दें कि कैबिनेट मंत्री डा?. अरविंद शर्मा ने सोमवार को दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल सोनीपत के वर्ष 2024-25 पेराई सत्र का विधिवत तरीके से यज्ञ में आहुति डालकर व पेराई मिल पर गन्ना डालते हुए आगाज किया। इससे पूर्व किसानों, अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सहकारी चीनी मिल और किसान के बीच एक आत्मीय संबंध होता है। मिल प्रबंधन को किसानों को आने वाली चुनौतियों को समझ कर पाबंद समय पर उनका समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोनीपत चीनी मिल किसानों की शान है, क्योंकि आपने हमेशा अपना साथ दिया है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर आगे भी सोनीपत चीनी मिल की शान को बढ़ाना है। शर्मा ने मिल प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसानों को आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता पर निदान किया जाए। उन्होंने रख-रखाव के चलते मिल के बढ़ रहे घाटे को ध्यान में रखते हुए चीनी मिल के प्रबंध निदेशक अभय सिंह को निर्देश दिए कि वो चीनी मिल को अपग्रेड करने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करके उन्हें भिजवाएं, वे खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बात करेंगे। उन्होंने इसके लिए करनाल चीनी मिल की तर्ज पर किसानों को अतिशीघ्र भुगतान करने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, जिला परिषद की चेयरमैन मोनिका दहिया, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, प्रबन्ध निदेशक शुगर मिल अभय सिंह, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री,डीडीपीओ जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

**पहले गन्ना लेकर परिसर में पहुंचे गन्ना उत्पादकों को किया सम्मानित-** सोनीपत शुगर मिल के पिराई सत्र के शुभारंभ पर सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने चीनी मिल में सबसे पहले गन्ना लेकर पहुंचे किसानों को सम्मानित किया। इनमें सबसे पहले बुग्गी से गन्ना लेकर पहुंचे कुराड़ गांव के किसान सोमवीर, ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना लेकर पहुंचे बड़ौली के किसान सुरेंद्र और सेंटर से ट्रक में बेगा केंद्र से गन्ना लेकर पहुंचे सुभाष को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पिछले पेराई सत्र में गेट पर सबसे ज्यादा 26,187 क्विंटल गन्ना लेकर आने वाले किसान महेंद्र सिंह पुत्र भीम सिंह और सैंटर पर सबसे ज्यादा 10,383 क्विंटल गन्ना डालने वाले किसान यूनुस अली पुत्र महफूज अली को भी सम्मानित किया

**प्राथमिकता**

**▸▸ सोनीपत चीनी मिल को अपग्रेड करने के लिए मुख्यमंत्री से करूंगा बात**

**▸▸ किसानों को बेहतर बीज से लेकर पेमेंट तक आने वाली समस्याओं के निदान को प्राथमिकता दें अधिकार**

# जूनियर नेशनल पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में छात्रों ने लहराया परचम

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**12वीं सब** जूनियर और जूनियर नेशनल पेंचक सिलाट चैंपियनशिप जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में कश्मीर इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई थी.

जिसमें गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा की छात्रा कोमल ने स्वर्ण पदक व दो लाख पचास हजार रुपए रिवाड्र्स के रूप में जीतकर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। छात्रा के विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, प्राचार्या डा० अभिलाषा, उप-



प्राचार्य रमेश वत्स, प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम ने छात्रा का स्वागत किया। प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बच्चों के खेल व होसले की सरहाना कर सभी को प्रोत्साहित किया। प्रतिस्पर्धा का भाव अवश्य होना चाहिए तभी छात्र प्रतियोगिताओं मे सफलता प्राप्त कर सकता है । प्राचार्या डा० अभिलाषा ने सफल छात्रा कोमल को सम्मानित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया जा सकता है. सम्मान मिलने के बाद खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

# जहांगीरपुरी में मनाया गया संविधान दिवस, लोगों को किया गया जागरूक

## कार्यक्रम के दौरान लोगों ने डॉ. विपिन पिव्हाल को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई भी दी






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में वीआईपी फाउंडेशन के तत्वाधान में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर गणमान्य लोगों ने बाबा अंबेडकर साहब के चित्र पर मालार्पण किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, आजादपुर मंडल अध्यक्ष दलबीर पुनिया, भाजपा नेता इंद्रजीत मुखी, वंदना, जगदीश महाराज, जीवन भाई, कैलाश, तिलक राज दीक्षित, सलीम अहमद, विनय श्रीवास्तव, नीरज सोनकर, किशन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आपको बतादें कि डॉ. विपिन पिव्हाल को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उनको बधाई देने वालों का तांता उनके कार्यालय पर लगा हुआ है। दिल्ली क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने कहा कि आज संविधान दिवस मनाया गया और लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने मुझे भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद भी करता हूं।

## संविधान दिवस पर शपथ एवं कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकल पुर विधान सभा स्थित गंगा विहार में प्रतिष्ठा युवा संगठन ने संविधान दिवस पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी एवं 26/11 मुम्बई हमले के शहीदों को नमन करते हुए शपथ एवं कानूनी जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोहित कुमार संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रतिष्ठा युवा संगठन, अरविंद कुमार जिला अध्यक्ष गाजियाबाद, राजीव भड़ाना जिला उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। मोहित कुमार ने उपस्थित युवाओं और महिलाओं को संविधान दिवस पर संविधान की शपथ दिलाई व संविधान की उद्देशिका पढ़ी साथ ही 26/11 मुंबई हमले में प्राण न्योछावर करने




वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। मोहित कुमार ने बताया कि भारत के संविधान निमार्ता के रूप में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी को जाना जाता है। इन्होंने भारतीय संविधान के रूप में दुनिया का सबसे बड़ा संविधान तैयार किया यह दुनिया के सभी संविधानों को परखने के बाद बनाया गया। इसे विश्व का सबसे बड़ा संविधान माना जाता है। जिसमें 448 अनुच्छेद, 12 अनुसूचियां और 94 संशोधन शामिल हैं। यह हस्तलिखित संविधान है जिसमें 48 आर्टिकल हैं। इसे तैयार करने में 2 साल 11 महीने और 18 दिन का वक्त लगा था। 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा की तरफ से इसे अपनाया गया यह वजह है कि 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसके लिए भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति की स्थापना की गई थी और इसके अध्यक्ष के तौर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की नियुक्ति हुई थी। संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति हिंदी और अंग्रेजी दोनों में ही हस्तलिखित और कॉलीग्राफ्ड थी। इसमें किसी भी तरह की टाइपिंग या प्रिंट का इस्तेमाल नहीं किया गया था। संविधान सभा के 284 सदस्यों ने 24 जनवरी 1950 को दस्तावेज पर हस्ताक्षप किए। दो दिन बाद इसे लागू किया गया था। बाबा साहेब ने संविधान सभा में कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो वो अपने आप लागू नहीं होता हैं जिनके ऊपर संविधान लागू करने कि जिम्मेदारी होती हैं।

## जनता को गुमराह कर रहे है केजरीवाल : सत्यपाल शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कहा कि बार-बार केजरीवाल दिल्ली वालों से झूठ बोल रहे है कि शीला जी के राज में आठ से दस घंटे का कट लगता था। परन्तु सच तो यह है कि एक जुलाई 2002 को बिजली कम्पनियों का निजीकरण कर उल्लेखनीय कार्य किया तथा बिजली क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली की बात करते है वह सरासर गलत है। मुफ्त बिजली किसी भी वर्ग को नहीं मिलती। यहां तक कि छोटे-छोटे दुकानदारों को तो सब्सिडी भी नहीं मिलती। मुफ्त की बात तो बेमानी है। महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा को एक अनसुलझी पहेली कही जा सकती है। केजरीवाल सीएजी की रिर्पोट विधानसभा के पटल पर रख नहीं रहे। दिल्ली जल बोर्ड को दिवालिया बनाकर रख दिया है। दिल्ली वालों को पानी मिल नहीं रहा, सीवर लाईन का अपग्रेडेशन हुआ नहीं। रेवडी का ड्रामा दिखाकर एकबार पुनः जनता को ठगने का काम करने जा रहे है। जिससे दिल्ली वालों को सावधान रहना होगा।

## 14-15 साल के लड़कों ने की 37 वर्षीय व्यक्ति की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के ओखला औद्योगिक थाना इलाके में मात्र 14 व 15 वर्ष के दो लड़कों ने एक 37 वर्षीय व्यक्ति की पत्थरों से सिर कुचल कर हत्या कर दी। मृतक ने लड़कों को शौच आगे जाकर करने के लिए बोला था। दक्षिण-पूर्व जिले की नारकोटिक्स यूनिट की टीम ने इस ब्लाइंड हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए दोनों आरोपी लड़कों को पकड़ लिया है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह के अनुसार रेलवे लाइन, गांव तेहखंड के पास एक शव मिलने की सूचना 24 नवंबर को सुबह 7.12 मिली थी।

## झुग्गी वाले दयनीय हालत में जीवन जी रहे हैः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के 19वें दिन ध्वजारोहण के बाद नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में प्रवेश करके आरके पुरम विधानसभा के वसंत गांव स्थित हनुमान मंदिर में माथा टेक कर यात्रा की शुरूआत की। पिछले 11 वर्षों में बदहाल हो चुकी दिल्ली में लोगों की न्याय की लड़ाई लड़ते हुए आगे बढ़ रहे कांग्रेस के न्याय यौद्धा दिल्ली की प्रताड़ित और परेशान जनता की परेशानियों, पीड़ा और दर्द को सुनने के साथ भविष्य में जनता के बीच बेहतर विकल्प भी पेश कर रहे है।



भाजपा और आम आदमी पार्टी के कुशासन, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में जनता घरों से बाहर निकलकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव का भव्य स्वागत करके दिल्ली न्याय यात्रा के दिल्ली में बदलाव के मकसद को पूरा करने में सहयोगी बन रही है। 26 नवम्बर, 2024, 19वें दिन दिल्ली न्याय यात्रा आर.के. पुरम विधानसभा में हनुमान मंदिर वसंत गांव से शुरू होकर वसंत गांव, ब्रहमदत्त चौक, सी ब्लाक टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, पालम मार्ग, वसंत विहार डिपो, बाल्मीकि मंदिर, पक्कड चौपाल मुनिरका गांव, अबु फजल एन्कलेव, जाकिर नगर मोड़, बाटला चौक, जामिया नगर पुलिस स्टेशन, अबु फजल एन्कलेव पार्ट-1, शाहीन बाग पुलिस स्टेशन, मदनपुर खादर जलेबी चौक जेजे कॉलोनी में यात्रा का समापन हुआ।
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ पूर्व सांसद परवेज हाशमी, सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी और दानिश अबरार, पूर्व मंत्री डा. योगानन्द शास्त्री, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, आसिफ मौहम्मद खान, जिला अध्यक्ष विरेन्द्र कसाना, एडवोकेट दिनेश कुमार, रागिनी नायक, दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह, प्रियंका सिंह, शांति स्वरुप, शांति स्वरुप, महेन्द्र मंगला, परवेज आलम, राजीव वर्मा, तस्वीर सौलंकी, राजेश गर्ग, अली मेहदी, मुख्य रुप से मौजूद थे।

## मॉडल टाउन में भाजपाइयों ने सुनीं मोदी के मन की बात




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बस चंद ही माह बाकी रह गए है। जिस पर दिल्ली ही पर पूरे देश की नज़र भी बनी हुई है। तो वहीं सभी राजनैतिक दल अपना दम खम दिखा रहे है। तथा लोगों के बीच अपनी उपस्थिति भी किसी न किसी तरीके से दिखाने मे जुटे हुए है। इसी कड़ी में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित मुबारकबाद में भाजपा के पूर्व पार्षद व पूर्व चेयरमैन सिविल जोन राज खुराना के नेतृत्व में वोटर कार्ड कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन पहली बार वोटिंग करने के लिए जो अठारह वर्ष के हुए है उनकी सुविधाओं और परेशानियों से बचने के लिए किया गया है। इस दौरान नए बहुताए की संख्या में नए वोटर कार्ड बनाए गए तथा जिनके पुराने वोटर कार्ड में जो गलतियां थी उसमें सुधार के लिए फॉर्म भी भरकर जमा किए गए। इस दौरान राज खुराना के अतिरिक्त शक्ति केंद्र प्रमुख दलबीर, सुरेंद्र सूद सहित कई लोग मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त मॉडल टाउन के बूथ नंबर-68, 69 स्थित शक्ति केंद्र प्रमुख दलबीर के निवास स्थान पर मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व पार्षद व चेयरमैन सिविल जोन राज खुराना, मंडल अध्यक्ष रोहित जैन, सुरेंद्र सूद, सुनील पार्चा सहित भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने मोदी के मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया।

## लोकतंत्र सेनानी संघ ने जंतर मंतर पर किया धरना प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय पर संपूर्ण देशभर के लोकतंत्र सेनानीयों ने 26 नवंबर संविधान दिवस पर दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल धरना प्रदर्शन किया।
लोकतंत्र की हत्या का हत्यारा कौन? की मांग को लेकर केंद्र शासन से मांग करते हुए कहा कि देश की जनता को यह बताया जाए की आजादी के बाद से आज तक कांग्रेस सरकार ने कब-कब संविधान की हत्या अपने निहित स्वार्थ के लिए की?
धरने प्रदर्शन में डॉक्टर सत्यनारायण जटिया पूर्व केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय संरक्षक लोकतांत्र सेनानी संघ, अश्वनी कुमार चौबे पूर्व केंद्रीय मंत्री, कैलाश सोनी





राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ, राजेंद्र गहलोत राष्ट्रीय महामंत्री लोकतंत्र सेनानी संघ, ओपी बब्बर पूर्व विधायक व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ, हरीश असडी अध्यक्ष लोकतंत्र प्रहरी संघ दिल्ली प्रदेश, अनुजा कपूर भाजपा प्रवक्ता सहित सैंकडों लोग मौजूद रहे। इस मौके पर असडी ने कहा कि क्यों 25 जून को लोकतंत्र हत्या दिवस मनाया जाए, यह घोर अपराध किसने किया, क्यों लाखों निरपराध लोगों को 21 माह तक जेल की यातनाएं दी गई, क्यों न्यायालयों व मीडिया की आजादी छीन ली गई, ऐसे इन प्रश्नों को उजागर करने हेतु केंद्र शासन श्वेत पत्र जारी कर करें। इस दौरान असडी ने कहा कि हम पुरजोर रूप से मांग करते है कि यह अपराध किसने किया यह भी देश की जनता जाने इस हेतु आयोग का गठन कर देश के सामने यह स्पष्ट किया जाए की आज जो लोग संविधान की रक्षा की बात कर संविधान हाथों में लेकर नौटंकी कर रहे हैं, यह वही लोग हैं जिन्होंने आजादी के बाद देश में आपातकाल जैसी स्थितियां अनेक बार निर्माण कर अपनी सत्ता की लालसा के चलते संविधान की बार-बार हत्या की।

## जनता को गुमराह करना बंद करें आम आदमी पार्टीः सुनील यादव भलस्वा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बादली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सुनील यादव भलस्वा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र में सड़को की हालात खस्ता है, सीवर का गंदा पानी ओवर फ्लो होकर लोगों के घर तक घुस रहा है, जिस कारण से लोग परेशान हो रहे है, लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। श्री यादव ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में दूषित पानी लोगों के घरों



तक पहुंच रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आप राज में दिल्ली की जनता को विकास के नाम पर केवल गुमराह किया गया है। मैं खुद बादली विधानसभा क्षेत्र की कई स्लम क्षेत्रों का दौरा कर रहा हूं और पा रहा हूं कि वहां पर की जनता नारकीय जीवन जीने का मजबूर है। श्री यादव ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में केवल कागजों में ही विकास दिख रहा है, धरातल पर विकास नहीं हो रहा है। जिस कारण से दिल्ली वासी सुविधाओं को तरस रहे है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। तभी तो लोग भाजपा के कार्यों से खुश है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा का परचम लहरायेगा।

## मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में किया गया हैल्थ चेकअप कैंप का आयोजन, सैंकड़ों लोगों ने उठाया लाभ





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत का विश्वास योजना के तहत सहयोगी परिषद् मॉडल टाउन दिल्ली द्वारा डॉ. लाल पाथ लैब्स के साथ मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित महावीर वाटिका छतरी वाला पार्क एम ब्लॉक में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य से संबधित कई बिमारियों का चैकअप भी करवाया, तथा सैंकड़ों महिलाओं व बड़े बुजुर्गों ने इस हैल्थ कैंप का लाभ उठाया।
इस अवसर पर क्षेत्र की कई नामी-ग्रामी हस्ती भी मौजूद रही, जिसमें की सुशील गर्ग, अजय गुप्ता बॉबी, त्रिलोकी नाथ गर्ग, अशोक मल्होत्रा, राजेंद्र गुप्ता, सी ए मनीष पचौरी, अभिषेक शर्मा प्रधान आरडब्ल्यूए मोहन पार्क, सत्य वशिष्ठ प्रधान आरडब्ल्यूए आर एम ब्लॉक, योगेश शर्मा महामंत्री ब्राहमण समाज, समाज सेविका उषा वर्मा, रजनी गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। परिषद् के प्रवक्ता डॉ प्रबोध मल्होत्रा ने व्यवस्था संचालन में दायित्व संभालने के लिए ओंकार वर्मा, अनिल कुमार गोयल, राजन शर्मा, अनिल शर्मा और सुरजीत सिंह शेरा का आभार व्यक्त किया।

# छह दिसंबर से पहले की गतिविधियों को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** छह दिसम्बर को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। लगातार चल रही गतिविधियों और किए जा रहे ऐलानों के बीच जिला प्रशासन ने मंगलवार को ब्रज मंडल के साधु संतों और इस तरह की गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले अन्य लोगों के साथ बैठक कर उनके मंतव्य को समझा। छह दिसम्बर के कार्यक्रमों को लेकर उनकी गतिविधियों की भी जानकारी ली। कुछ संगठनों और व्यक्तियों द्वारा छह दिसम्बर को लेकर लगातार बयानबाजी की जा रही है। कई कार्यक्रमों की भी घोषणा की गई है। विगत दिनों में धर्म संसद जैसे आयोजन हुए हैं, जिनमें साधु संतों और हिन्दूवादी संगठनों की सहभागिता रही है।



जबकि एक धर्म संसद का आयोजन 27 नवम्बर को फिर होने जा रहा है। इससे पहले मंगलवार को इस धर्म संसद के आयोजन से जुडे लोगों और दूसरे साधु संतों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश पांडेय मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक के बाद वृंदावन के संत मोहिनी शरण महाराज ने कहा कि वृंदावन और ब्रज मंडल से संतजन कलेक्ट्रेट पर आए। विद्वान और आचार्य भी पधारे हैं। छह दिसम्बर को लेकर प्रशासन के साथ चर्चा हुई हैं। लोगों को कुछ अज्ञानता थी और कई तरह चचाएं थीं। छह दिसम्बर का कोई कार्यक्रम इससे पहले मथुरा या वृंदावन में नहीं मनता रहा है। सनातनी कुछ लोग हैं जो इस कार्यक्रम को मानते हैं। हम कहते हैं कि कार्यक्रम मनाना है तो विवाह पंचमी या बिहार पंचमी मनाएं। राम जी और भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा हुआ है। बांके बिहारी जी के जन्म से जुड़ा हुआ है। हम क्यों न अपने अपने आश्रम और देवालयों में इसे इस भव्य दिवस को मनाएं। गोविंदानंद तीर्थ महाराज ने बैठक के बाद कहा कि आज बैठक हुई है। छह दिसम्बर को लेकर कोई धर्म संसद बनी थी। इसी विषय के अंदर डीएम और एसएसपी ने संज्ञान लिया है कि किन लोगों के द्वारा संसद बनी है और आगे क्या प्रक्रिया है। प्रशासन का कहना है कि सरकार और प्रशासन की अनुमति के बिना कोई नया कार्यक्रम नहीं होगा। बैठक में मौजूद रहे महेन्द्र प्रताप सिंह एड ने बैठक से बाहर आने के बाद कहा कि जिलाधिकारी, एसएसपी के द्वारा संतों के साथ एक बैठक की गई है। जिसमें विषय था छह दिसम्बर को लेकर कुछ व्यक्तियों और संगठनों के द्वारा किया गया आह्वान। इसी को लेकर विचार विमर्श हुआ है। हमने बताया है कि छह दिसम्बर को लेकर हमरा कोई कार्यक्रम नहीं है, इससे हमने प्रशासन को अवगत करा दिया है। हमने कहा है कि छह दिसम्बर को लेकर हमारा कोई कार्यक्रम है और नहीं हमारा कोई सहयोग है। 27 नवम्बर को हम एक धर्म संसद कर रहे हैं।

# एक्सप्रेस वे पर दौड़ती कार का फटा टायर, दो की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः यमुना** एक्सप्रेस वे पर दौड़ती कार का अचानक टायर फट गया। टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। सडक हादसे में दो कार सवारों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार को बलदेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर आगरा टू नोएडा साइट पर माइलस्टोन 133 के समीप हुआ। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रौनक सलूजा पुत्र अरुण सलूजा अपने साथी विकास के साथ आगरा से नोएडा की तरफ जा रहे थे। अचानक से गाड़ी का टायर फट गया जिससे गाड़ी




अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। गाड़ी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं घटना की जानकारी परिजनों को दी गई है। जानकारी के अनुसार रौनक स्पोर्ट्स के सामान के व्यापारी थे। बलदेव थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकी सिंह ने बताया कि सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और दोनों सबों को अपने साथ आगरा ले गए जहां उनका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वी के नए कैंपेन बी समवन्स वी ने हर घण्टे 100 टॉवर लगाने की उपलब्धि पर डाली रोशनी

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज अपने नए कैंपेन बी समवन्स वी बनो किसी के हम के तहत हासिल की गई उपलब्धियों की घोषणा की है, कंपनी ने देश भर में अपने नेटवर्क विस्तार के तहत हर घण्टे 100 टॉवर्स का महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल कर लिया है। इसी साल सफल एफपीओ के बाद कंपनी ने तेजी से नेटवर्क का विस्तार और नए इन्फ्रास्ट्रक्चर को रोल आउट करते हुए अपने नेटवर्क में हर घण्टे 100 टॉवर्स शामिल करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए अवनीश खोसला, सीएमओ, वी ने कहा, बी समवन्स वी हमें कनेक्शन की क्षमता याद दिलाता है। हर घण्टे 100 टॉवर लगाना सशक्त कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लोग एक दूसरे के साथ जुड़े रहें और छोटी-छोटी चीजों में अपने प्रियजनों का साथ निभाते हुए लम्बी दूरी तय करें।

वी का कैंपेन बी समवन्स वी सभी को एक दूसरे के साथ जोड़ने और उन्हें एक दूसरे की मदद के लिए हाथ बढ़ाने के महत्व पर जोर देता है, यह कैंपेन संदेश देता है, कि जब भी हो सके किसी के हम बनें। हर घण्टे 100 टॉवर्स शामिल करने को सक्षम बनाकर कैंपेन की यह फिल्म किसी भी स्थान से हर किसी के लिए सशक्त एवं हाई-कैंपेन पर बात करते हुए रोहित दूबे, ईसीडी, ओगिल्वी ने कहा, बी समवन्स वी फ्रॉम वेयरएवर यू मे बी यानि आप चाहें कहीं भी हों, बनें किसी के हम के माध्यम से हम लोगों के दिलो-दिमाग के बीच तालमेल बनाना चाहते हैं। हर घण्टे 100 टॉवर लगाने का वादा ब्राण्ड के दृष्टिकोण को दशार्ता है। एक टेलीकॉर्म नेटवर्क के लिए सबसे मुश्किल और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में, दिल को छू जाने वाले पलों को कैद करना, कनेक्टिविटी के लिए वी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हमें उम्मीद है कि हमारे ये प्रयास उपभोक्ताओं के लिए नेटवर्क के अनुभव को बेहतर बनाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आएंगे।

### आईएमटीएमए बेंगलुरु में अगले जनवरी में आयोजित करेगा सबसे बड़ा मशीन टूल और मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी शो

**फरीदाबादः** इमटेक्स 2025, इसके साथ आयोजित होने वाले टूलटेक और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग शो के साथ कई मानकों पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारतीय मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमटीएमए) द्वारा बेंगलुरु इंटरनेशनल एक्सहिबिशन सेंटर में 23-29 जनवरी 2025 तक आयोजित होने जा रहा है

यह प्रदर्शनी सीएनसी (उठउ) मशीनीकरण, टूलिंग, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, सीएडी/कैम, मेट्रोलॉजी, और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजीज के अत्याधुनिक समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करेगी, जो भारतीय मैन्युफैक्चरिंग उद्योग को बदलने में मदद करेगी। शो के बारे में बताते हुए, श्री राजेंद्र एस. राजामने, अध्यक्ष - आईएमटीएमए कहते हैं, " इमटेक्स भारतीय मशीन टूल उद्योग के लिए एक बहुप्रतीक्षित शो है क्योंकि यह कंपनियों के लिए नए उत्पाद लॉन्च करने, विभिन्न मैन्युफैक्चरिंग उद्योगों के लिए अपनी तकनीकी प्रगति प्रस्तुत करने का एक उपयुक्त मंच है। आज के एक प्रमुख वैश्विक मशीन टूल शो के रूप में, इमटेक्स भारत और अन्य कई देशों से आगंतुकों को आकर्षित करता है। हम इमटेक्स 2025 में 30 से अधिक देशों के आगंतुकों को देखने की उम्मीद कर रहे हैं।" " इमटेक्स एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र है जो पूरे मैन्युफैक्चरिंग समुदाय की विभिन्न गतिविधियों को समर्थन करता है। इमटेक्स में भाग लेने वाला हर कोई कुछ न कुछ लाभ प्राप्त करता है। हमारे पास सेमिनार, अंतरराष्ट्रीय खरीदार-बेचने वालों की मुलाकात, अकादमिक-उद्योग सहयोग, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल, और कई अन्य गतिविधियाँ हैं। आगंतुक अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं और इन गतिविधियों में भाग ले सकते हैं, इसके लिए प्री-रजिस्ट्रेशन अब पर खुला है," कहते हैं श्री जिबाक दासगुप्ता, महानिदेशक एवं सीईओ, आईएमटीएमए।

## अखिल भारतीय किसान महासभा ने दिया ज्ञापन

**मथुरा।** किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में किसानों की कर्ज माफी और फसल की कीमत तय करने की मांग प्रमुख मांग है। मंगलवार को किसानों की मांगों को लेकर के अखिल भारतीय किसान महासभा के द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया इसमें कहा गया कि स्वामीनाथन रिपोर्ट के आधार पर सभी किसानों की एमएसपी खरीद तय की जाए इसके अलावा ज्ञापन देने वाले अखिल भारतीय किसान महासभा के पदाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि सरकार के द्वारा एक बार सभी किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाए।

# संविधान : कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर विधायक विधान परिषद योगेश नौहवार, जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा संविधान दिवस 26 नवंबर के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। सजीव प्रसारण के उपरांत भारत माता व संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण कर संविधान दिवस के अवसर



पर प्रस्तावना का पाठन कर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने की तिथि 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विधायक द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन एक विशिष्ट दिन के रूप में याद किया जाता है। संविधान दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आज ही के दिन हमारा संविधान अधिनियमित, अंगीकृत किया गया था। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने संविधान दिवस के अवसर पर सभी जनपद वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संविधान के उद्देशिका में निहित मूल्यों की स्थापना करना सभी अधिकारियों का प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, परियोजना निदेशक अरुण कुमार, डिप्टी कलेक्टर अजीत कुमार, राज कुमार भास्कर, उषा सिंह, प्राजक्ता त्रिपाठी, नरेंद्र यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पोषण ट्रैकर ऐप फोन नम्बर का सत्यापन नहीं होना बनेगी वजह

## 13864 लाभार्थियों का बंद हो सकता है पोषाहार

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** जनपद में कुल 13864 लाभार्थी का फोन नंबर पोषण ट्रैकर ऐप पर सत्यापित नहीं किया जा सका है। परियोजना वार सूची संलग्न है। जिला पोषण समिति की 25 नवंबर को आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परियोजना अधिकारी और संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिनके यहां लाभार्थियों का फोन नंबर सत्यापन अभी बचा हुआ है। वह आगामी 20 दिवस में लाभार्थियों के फोन नंबर का सत्यापन अनिवार्य रूप से कर लें। अन्यथा इसके बाद इन लाभार्थियों के नाम पोषण ट्रैकर ऐप से डीएक्टिवेट कर दिए जाएंगे और इनके लिए पोषाहार की आपूर्ति प्राप्त नहीं होगी। संबंधित लाभार्थी द्वारा अपना फोन नंबर सत्यापन के लिए नहीं दिया जा रहा है तो बाद में पोषाहार न मिलने की शिकायत पर संज्ञान नहीं लिया जाएगा । उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को यह भी चेतावनी दी कि जिन गांवों में अधिक संख्या में लाभार्थियों के फोन नंबर का सत्यापन अवशेष है वहाँ जाकर देखें कि सत्यापन क्यों नहीं हो रहा है ?यदि कार्यकर्ता के स्तर से लापरवाही की जा रही है तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें और सत्यापन पूरा कराए अन्यथा संबंधित परियोजना अधिकारी का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा ।किसी भी दशा में किसी पात्र लाभार्थियों का नाम डिएक्टिवेट नहीं होना चाहिए।

## स्कूली बच्ची की मौत मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

**जालौनः कोतवाली** क्षेत्र में सोमवार सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ते वक्त एक मासूम बस की चपेट में आ गई थी। इस दौरान ड्राइवर ने बस को बैक किया और पिछला पहिए के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने मंगलवार को मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। पूरा मामला उरई कोतवाली क्षेत्र का हैं, जहां पर सोमवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ और स्कूली बस की चपेट में आकर सात साल की मासूम राधिका की मौत हो गई।

## सप्लाई चेन के मोनेटाइजेशन के ईकार्ट के प्रयासों ने पिछले 3 वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया




**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी 4पीएल कंपनियों में शुमार ईकार्ट अपनी उन्नत टेक्नोलॉजी व परिचालन उत्कृष्टता के साथ लॉजिस्टिक्स सेक्टर में लगातार बदलाव ला रही है। ईकार्ट ने परिचालन को विस्तार दिया है और सप्लाई चेन को मोनेटाइज करने के इसके प्रयासों ने पिछले तीन वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया है। ब्रांड्स और रिटेलर्स अपनी सप्लाई चेन संबंधी जरूरतों के लिए ईकार्ट की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का प्रयोग करते हुए उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने में सक्षम हुए हैं। प्रतिदिन 60 लाख से अधिक शिपमेंट की क्षमता के साथ ईकार्ट का लास्ट-माइल नेटवर्क 98% भारतीय पोस्टल कोड तक फैला हुआ है, जिसे 5 करोड़ क्यूबिक फीट से अधिक की वेयरहाउसिंग और 7,000 ट्रकों के बेड़े से ताकत मिलती है। इन क्षमताओं से भारत में ईकॉमर्स ब्रांडों के लिए ऑर्डर के अगले दिन डिलीवरी में 30% की वृद्धि हुई है और क्षेत्रीय कवरेज में 40% का विस्तार हुआ है।

ईकार्ट के चीफ बिजनेस ऑफिसर मणि भूषण ने कहा, ईकार्ट की क्षमताएं भारत के लॉजिस्टिक्स उद्योग में विशाल संभावनाओं को दशार्ती हैं और हमें इस उद्योग के विकास में योगदान करने पर गर्व है। हम ड्राइविंग एफिशिएंसी व स्केलेबिलिटी पर ध्यान देते हुए इंडस्ट्री-फर्स्ट टेक्नोलॉजी विकसित करने और सप्लाई चेन इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा मानना है कि सप्लाई चेन को लेकर हमारी गहरी समझ और एफिशिएंसी की दिशा में हमारा सतत प्रयास न केवल हमारी सर्विस लेने वाले ब्रांड्स के लिए, बल्कि समग्रता में भारत के पूरे लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के लिए बदलाव का बड़ा कारक है।

ईकार्ट ने हाल ही में ईकॉमर्स से आगे अपनी सेवाओं को विस्तार दिया है।

# डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारात में चले ईंट

## एक दर्जन से अधिक बाराती हुए घायल, पुलिस मामले की जांच कर रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः थाना** जैत क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा चौमुहां में सोमवार की रात को आई एक बारात में डीजे को लेकर मारपीट हो गई। बारात में ईंट, पत्थर और चाकू चले। बताते है कि हवाई फायरिंग भी हुई है। जिसमें लगभग एक दर्जन से ज्यादा घराती बाराती घायल हो गए हैं। जिसमें तीन लोगों के ज्यादा चोट आई हैं। तीनों एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं लड़का और लड़की पक्ष मामूली विवाद बता रहे हैं। कस्बा चौमुंहा के तकिया

**हंगामा**

▶▶ बताते है कि हवाई फायरिंग भी हुई है। जिसमें लगभग एक दर्जन से ज्यादा घराती बाराती घायल हो गए हैं

मोहल्ला में दिनेश की पुत्री तनु की बारात हरियाणा के मैना छायसा पलवल से आई थी। जिसमें डीजे को लेकर अपने मनपसंद गानों को रात्रि करीब साढ़े नौ बजे कहासुनी होने लगी। इसके बाद ईंटें, पत्थर और चाकू चलने लगे। झगड़ा को लेकर पूरी बारात में अफरा-तफरी मच गई। जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग चुटैल हो गए ।

बताते हैं कि इस दौरान किसी ने हवाई फायरिंग भी कर दी है। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस एवं ग्रामीणों ने मामले को शांत कराया है। इसमें घराती मुकेश पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी सिहाना छाता का पैर टूट गया है। उसके अन्य जगहों पर काफी चोट आई है। योगेश पुत्र गजेंद्र सिंह निवासी सिहाना छाता के भी काफी चोट आई है। विनोद पुत्र कुंदन सिंह निवासी राल जैत के सिर में काफी चोट आई है। तीनों लोगों का हाईवे स्थित के डी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके अलावा करीब दस बारातियों के भी चोट आई हैं मगर वो मौका लगते ही भाग गए है।

जैंत थाना प्रभारी अश्विनी कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में कोई तहरीर हीं नहीं आई है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। गोली चलने की कोई सूचना नहीं है। पुत्री के पिता दिनेश ने बताया है कि मामूली विवाद हो गया था।

# लखीमपुर महोत्सव में दिखा विरासत और संस्कृति का संगम

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखीमपुर खीरी**

**गुलाबी** ठंड के बीच पंजाबी सिंगर बी प्राक के रूह मेरी तड़पेगी जानी दिल भी रोयेगा... ने दर्शकों को गर्मजोशी से भर दिया। मौका था लखीमपुर खीरी की धरती पर पहले "तराई की मिट्टी का उत्सव, लखीमपुर महोत्सव-24" का। महोत्सव प्रांगण बी प्राक के गीतों से गूंज उठा। दर्शकों की डिमांड पर बी प्राक ने दिल तोड़ के हंसती हो मेरा,वफाएं मेरी याद करोगी.. गाया तो दर्शक बेकाबू हो उठे। इसके बाद पंजाबी सिंगर ने पंजाबी गीतों से समां बांध दिया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने महोत्सव के आयोजन को लेकर बताया कि मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले की विरासत, संस्कृति और पौराणिक धरोहर के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लखीमपुर खीरी में पहली बार लखीमपुर महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने विधायक सदर योगेश वर्मा, एमएलसी अनूप गुप्ता, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप जलाकर किया। इसके बाद लखीमपुर उत्सव के मंच पर अपनी प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। महोत्सव में रात को पंजाबी गायक बी प्राक ने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बी. प्राक ने अपने मशहूर गीतों से श्रोताओं को सम्मोहित कर लिया और महोत्सव में दर्शकों में अपार उत्साह देखने को मिला।

**मेरा यार हंस रहा है बारिश की जाए...:** पंजाबी सिंगर बी प्राक ने मैंनू तेरा मन भरया.... से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद दर्शकों की डिमांड पर प्राक ने पंजाबी गीत प्रस्तुत किये। इसके बाद किस्मत बदलती देखया, जे हुड तू भी बदल गया की प्रस्तुति दी। वहीं मेरी जिंदगी से जाने का क्या लोगे तुम.., जैसे बैक टू बैक गानों के जरिए बॉलीवुड व पंजाबी सिंगर बी प्राक ने महोत्सव के मंच पर जमकर धमाल मचाया। मेरा यार हंस रहा है बारिश की जाए... से माहौल में रुमानियत भर दी। महोत्सव में रात में सतरंगी मंच पर बी प्राक की प्रस्तुतियों का खूब जादू चला। लोग एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों पर झूमते रहे। रात 7 बजे गायक बी प्राक ने मंच संभाला। पहली प्रस्तुति मैं किसी और का हूं फिलहाल कि तेरा हो जाऊं.., से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जिले की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और ऐतिहासिक विरासत को वृहद स्तर पर उजागर करने के लिए जिले में पहली बार डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर लखीमपुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# कार से 20 पेटी शराब की बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः थाना** कोसीकलां पुलिस ने गैर प्रान्त से अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तर अभियुक्त कार से शराब की तस्करी कर रहा था। कार से कुल 20 पेटी अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का बरामद की गई है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह ने बताया कि चौकी कोटवन थाना कोसीकलां पुलिस की टीम द्वारा एनएच 19 पर दिल्ली से आगरा की तरफ कोटवन बार्डर पर बैरियर लगाकर चैकिंग कर रहे थे,चौकिंग के दौरान दिल्ली की तरफ से एक कार ईकोस्पोर्ट में



बेठा अभियुक्त सामने बैरियर पर हो रही चैकिंग को देखकर बैरियर से पीछे गाड़ी रोककर गाडी को पीछे की तरफ मोड़ने लगा तभी चैकिंग कर रही पुलिस टीम द्वारा गाडी चालक कुलदीप शर्मा पुत्र बलवीर शर्मा निवासी ग्राम बिटमड़ा थाना उकलाना मण्डी जिला हिसार को एनएच 19 पर चौकी कोटवन बैरियर पर गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब व कार को कब्जे में ले लिया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

हरियाणा सरकार | KURUKSHETRA DEVELOPMENT BOARD कुरुक्षेत्र विकास मंडल | भागीदार प्रदेश ओडिशा | भागीदार देश संयुक्त गणराज्य तंजानिया




## मुख्य कार्यक्रम

| समय | स्थल | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| **बृहस्पतिवार, 5 दिसम्बर** | | |
| प्रात: 09:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | गीता यज्ञ एवं गीता पूजन |
| प्रात: 11:15 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | हरियाणा, भागीदार प्रदेश ओडिशा एवं सहभागी देश तंजानिया के पैवेलियन का शुभारम्भ |
| अपराह्न 12:30 | श्रीमद्भगवद्गीता सदन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय | अन्तर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का उद्घाटन |
| सायं 05:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | भजन संध्या एवं महाआरती |
| सायं 06:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | साँस्कृतिक संध्या |
| **सोमवार, 9 दिसम्बर** | | |
| अपराह्न 02:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | संत सम्मेलन |
| **मंगलवार, 10 दिसम्बर** | | |
| अपराह्न 02:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन |
| **बुधवार, 11 दिसम्बर** | | |
| प्रात: 9:00 | गीता जन्मस्थली-ज्योतिसर एवं सन्निहित सरोवर | श्रीमद्भगवद्गीता का सम्पूर्ण पाठ एवं गीता यज्ञ |
| प्रात: 10:00 | थीम पार्क, कुरुक्षेत्र | 18000 विद्यार्थियों द्वारा गीता का वैश्विक पाठ |
| अपराह्न 02:00 | श्रीमद्भगवद्गीता सदन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय | 48 कोस तीर्थ सम्मेलन |
| अपराह्न 03:00 | कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड कार्यालय के सामने से | गीता शोभा यात्रा का प्रारम्भ |
| सायं 05:30 | ब्रह्म सरोवर, सन्निहित सरोवर एवं ज्योतिसर | दीपोत्सव |
| सायं 05:30 | 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि | तीर्थों पर दीपोत्सव |
| सायं 06:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | गीता महाआरती एवं दीप दान |
| **28 नवम्बर – 15 दिसम्बर** | | |
| प्रात: 09:00 | ब्रह्म सरोवर | ख्याति प्राप्त शिल्पियों का संगम – शिल्प एवं सरस मेला |
| **5 – 11 दिसम्बर** | | |
| प्रात: 09:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | राज्य स्तरीय प्रदर्शनी-सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा |
| प्रात: 09:00 | ब्रह्म सरोवर | गीता पुस्तक मेला- हरियाणा ग्रंथ अकादमी के सौजन्य से |
| प्रात: 11:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | हरियाणा एवं ओडिशा पैवेलियन में साँस्कृतिक कार्यक्रम |
| सायं 06:00 | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर | साँस्कृतिक संध्या |



"सभी देशवासियों को गीता जयंती की अनंत शुभकामनाएं। श्रीमद्भगवद्गीता सदियों से मानवता का मार्गदर्शन करती आई है। अध्यात्म और जीवन-दर्शन से जुड़ा यह महान ग्रंथ हर युग में पथ प्रदर्शक बना रहेगा।"

**- नरेन्द्र मोदी**

@igmkkr
InternationalGitaMahotsav
www.internationalgitamahotsav.in
www.48koskurukshetra.com

**सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा**
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana